


YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



रमज़ान मुबारक 2025 का टाइम टेबिल | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अचानक तबियत बिगड़ी....01

वर्ष: 02 अंक: 233 | बदायूं, सोमवार 10 मार्च 2025 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये


# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अचानक तबियत बिगड़ी

## एम्स में कराया गया भर्ती, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती कराया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई को सूत्रों ने बताया कि 73 वर्षीय धनखड़ को बीते शनिवार रात अस्पताल लाया गया। उनकी हालत स्थिर है और और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।



बताया जा रहा है कि उपराष्ट्रपति को देर रात को बेचौनी और सीने में दर्द हुआ। जिसके बाद उन्हें देर रात करीब 2 बजे अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि उपराष्ट्रपति की हालत स्थिर है और उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में निगरानी में रखा गया है। धनखड़ को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। सूत्र ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों का एक ग्रुप उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के एम्स में भर्ती होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी के लिए एम्स का दौरा किया। इस बात की जानकारी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी।

## प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे एम्स

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हालचाल जाना। उपराष्ट्रपति को बेचौनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात एम्स में भर्ती कराया गया था। इस बीच पीएम मोदी रविवार दोपहर एम्स पहुंचे और धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

73 वर्षीय राज्यसभा के सभापति धनखड़ को शनिवार देर रात करीब 2 बजे अस्पताल ले जाया गया। उन्हें एम्स के हृदयरोग विभाग के प्रमुख डॉ राजीव नारंग की देखरेख में 'क्रिटिकल केयर यूनिट' (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल उपराष्ट्रपति की हालत स्थिर है। उन्हें निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों का एक समूह उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एम्स पहुंचे थे।

# पत्रकार हत्याकांड: पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, बोले-

## कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ खड़ी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सीतापुर।** में दिनदहाड़े पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रविवार को सुबह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय परिजनों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम है। जनता की आवाज उठाने वाले सुरक्षित नहीं हैं। लोगों ने बताया कि हम जिस रास्ते से आए हैं वहीं हत्या की गई थी जो कि दिखाता है कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार कानून व्यवस्था खराब होने का मुद्दा उठा रही है। कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।



पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की दिनदहाड़े हुई हत्या के बाद पुलिस टीमें खुलासे के लिए सक्रिय हो गईं हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ घटना के समय इलाके में सक्रिय मोबाइल फोन नंबर जुटाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जिस हिसाब से राघवेंद्र की हत्या हुई है, उससे साफ जाहिर है कि आरोपियों के पास राघवेंद्र की सटीक लोकेशन थी। पुलिस ने इसलिए राघवेंद्र के घर से घटनास्थल व उससे आगे जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है।

पुलिस इसी दिशा में जांच के साथ आगे बढ़ रही है। राघवेंद्र की धान खरीद के सिंडीकेट व जमीनों की हेराफेरी से जुड़ी खबरों में शामिल लोग भी पुलिस के रडार पर हैं। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच के साथ चार टीमें लगाई हैं। कॉल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज व अन्य बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। राघवेंद्र के मोबाइल फोन को भी खंगाला जा रहा है।

परिजनों की मानें तो राघवेंद्र के नंबर पर सीतापुर से ही एक कॉल आई थी। इसके बाद वह घर से निकले थे। उन्हें शक है कि बदमाशों ने राघवेंद्र का घर से ही पीछा करना शुरू किया। इसके बाद इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में पड़ने वाले हेमपुर ओवरब्रिज पर वारदात को अंजाम दिया। जिस ढंग से घटना को अंजाम दिया गया है।

## एक नजर

### पानी टंकी की सफाई करते समय पांच मजदूरों की मौत




**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे हुई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएएमसी) और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पांच मजदूर पानी की टंकी में साफ-सफाई करने के लिए उतरे थे, लेकिन इस दौरान वे बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि निर्माण स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। पांच लोगों को टंकी से निकालकर सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया।

# मेरठ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ, खेल विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को सरधना के सलावा गांव पहुंचे और यहां बन रहे मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का मौका मुआयना किया। उन्होंने अफसरों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

सीएम योगी दोपहर ठीक 1.55 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचे। इस दौरान सलावा गांव के सभी रास्ते पूरी तरह से सील कर दिए गए। चाक चौबंद सुरक्षा के बीच जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी। मीडिया को भी रोक दिया गया। कई पार्टी पदाधिकारी और नेताओं के काफिले को भी नहीं जाने दिया गया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्थायी रूप से




बनाए गए कार्यालय में अफसरों के साथ बैठक की और निर्माण की प्रगति को जाना। अफसरों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने काम में तेजी के निर्देश दिए हैं।

इधर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर पहुंची। दिल्ली दौरे के दूसरे दिन सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीब एक घंटे तक दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीएम योगी की यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई। इसके साथ ही यूपी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी बात हुई है।

## राजा भैया के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

**दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री और कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी सिंह की शिकायत पर दिल्ली के सफदरजंग थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। भानवी ने अपनी पति राजा भैया व उनके परिवार पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। भानवी सिंह का अपने पति से पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था। वह पति से अलग दिल्ली के ग्रीन पार्क इलाके में रह रही थीं।

## सुरंग हादसे में एक शव बरामद, मशीन काटकर शव निकालने की हो रही कोशिश

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सुरंग हादसे में एक शव बरामद हुआ है। जो शव बरामद हुआ है, वह एक मशीन में फंसा हुआ है। फिलहाल बचाव दल मशीन को काटकर शव निकालने की कोशिश कर रहा है। अभी सात अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। बचाव अभियान में केरल के खास खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। हादसे को 15 दिन से ज्यादा का समय बीत गया है। एक बचाव अधिकारी ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां जमा मलबा हटाया जा रहा था। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि शव उसी जगह मिला है या किसी अन्य जगह से। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। तेलंगाना के नगरकुर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को धंस गया था।

## सीतापुर में पत्रकार की हत्या: राघवेन्द्र बाजपेयी की पत्नी ने डीएम को दिया मांग पत्र

### परिजन हुए आक्रोशित

**सीतापुर।** पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के परिजनों ने जिलाधिकारी को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र एडीएम को सौंपा है। इसमें घटना में शामिल हत्यारोपियों की गिरफ्तारी व कठोरतम कार्रवाई, मृतक आश्रितों को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता, पत्नी को योग्यतानुसार नौकरी व बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की मांग की है। राघवेंद्र की शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



वहीं, रविवार सुबह से ही महोली आवास पर जनप्रतिनिधि परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा वर्मा, अवध क्षेत्र प्रभारी कमलेश मिश्र, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, एडीएम नीतीश सिंह अन्य शामिल रहे। परिजनों ने इससे पूर्व जिला प्रशासन पर मांगों को न मानने का आरोप लगाकर हंगामा किया। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन की बात कही। हालांकि, एडीएम व जनप्रतिनिधियों के समझाने पर परिजन माने और मांगपत्र दिया।

## आईरा आज प्रदेशभर में पत्रकार सुरक्षा के लिए सौंपेगी ज्ञापन

**बदायूं।** ऑल इंडिया रिपोर्ट्स एसोसिएशन (आईरा) के प्रदेश महासचिव अबरार अहमद के निर्देशानुसार आज 10 मार्च को बदायूं, बरेली, कासगंज, फिरोजाबाद समेत पूरे प्रदेशभर में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला व तहसील मुख्यालयों पर सौंपा जायेगा। बदायूं में सीतापुर के पत्रकार हत्याकांड पर कार्यवाही व पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जिलाध्यक्ष वेदपाल सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# सीएम नीतीश कुमार को बिहार की जनता की परवाह नहीः तेजस्वी

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने आज पटना के वीरचंद्र पटेल मार्ग स्थित राजद कार्यालय के सामने एक दिवसीय प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पार्टी के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला और कई मुद्दों पर अपनी आलोचना की। तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार ने 65 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था, जिसका उद्देश्य शोषित और वंचित समाज के लोगों को



शिक्षा और सरकारी नौकरियों में समान अवसर प्रदान करना था। इसके साथ ही हमने 17 महीने में जातीय आधारित गणना करवाई थी, जिससे आरक्षण को बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए गए थे।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि हमने 17 महीने में लोगों को नौकरियां दीं और अब जो नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं, वे हमारी सरकार के दौरान की प्रक्रिया का परिणाम हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2020 में सरकारी नौकरियों को असंभव बताते हुए कहा था कि पैसा कहां से लाएगा, क्या अपने पास से लाएगा? लेकिन हमने उसे असंभव से संभव बना दिया। राजद नेता ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार ने पिछड़े और अति पिछड़े समाज के लोगों को सरकारी नौकरियों से वंचित किया है। आज जो नियुक्ति पत्र वितरित हो रहे हैं, उनमें 51,000 से अधिक नौकरियों में से 8,222 नौकरियों का नुकसान पिछड़े और अति पिछड़े समाज को हुआ है। अगर आरक्षण जारी रहता, तो ये नौकरियां इन वर्गों को मिल सकती थीं, लेकिन सरकार ने आरक्षण को खत्म करने का काम किया है।

तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर अपनी लड़ाई ठीक से नहीं लड़ रही है। हम हर मंच पर इस मुद्दे के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हम सुप्रीम कोर्ट में वकील खड़ा करेंगे और पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्गों को उनका अधिकार दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर भी कड़ी टिप्पणी की और कहा कि यह सरकार आरक्षण विरोधी, लोकतंत्र विरोधी और भाईचारे विरोधी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल अपनी कुर्सी के लिए काम कर रहे हैं, बिहार की जनता की उन्हें कोई परवाह नहीं है। वह अचेत अवस्था में हैं और उनके बयानों से उनकी गिरती स्थिति साफदिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और उनकी पार्टी अब भारतीय जनता पार्टी के पीछे चल रही है। अब यह स्थिति हो गई है कि भाजपा के अलावा नीतीश कुमार की पार्टी का किसी से कोई संबंध नहीं है। मुख्यमंत्री जी की भाषा दिन-ब-दिन गिरती जा रही है। वह कभी भी किसी के पैर पकड़ लेते हैं। अब शायद उनका अगला कदम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा का पैर पकड़ने का हो। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग करते हुए कहा कि जो जातीय आधारित गणना का मॉडल हमने महागठबंधन सरकार में लागू किया था, उसे पूरे देश में लागू कराया जाए।




# पार्षदों की समस्याओं पर कार्यवाही के लिए होगी हर माह बैठक

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**अलीगढ़।** नगर निगम कार्यकारणी समिति के विशेष प्रस्ताव संख्या-1 द्वारा अनुमोदित नगर निगम के पुनरीक्षित बजट 2024-25 के लिए महापौर प्रशांत सिंघल की अध्यक्षता में आहुत बजट अधिवेशन में 126801.48 लाख के बजट पर महापौर प्रशांत सिंहल की अगुवाई वाले नगर निगम बोर्ड ने सर्व समिति से अपनी सहमति की मोहर लगा दी है।

रविवार साप्ताहिक अवकाश के दिन जवाहर भवन में आहुत बजट के बोर्ड अधिवेशन परंपरागत राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ बोर्ड अधिवेशन में महापौर ने मिशन शक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला पार्षदों से उनकी जनहित समस्याओं को बताने के लिए कहा सबसे पहले पार्षद डॉक्टर शबाना असलम ने सुकमा कंपनी के 3 करोड़ 57 लाख के बिल भुगतान को लेकर अपने सवाल पूछे जिसमें उन्होंने सुकमा कंपनी द्वारा कितने कर्मचारी लगाए गए हैं कितने वाहन लगाए गए हैं और कितने वाहनों को किस पेट्रोल पंप के माध्यम से इंधन दिया जा रहा है।

पूछे गए सवाल के जवाब में सचिव सचिवालय सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने अधिवेशन में उत्तर दिया कि उक्त प्रकरण के परीक्षण के लिए पर्यवेक्षण समिति का गठन किया गया है समिति द्वारा पर्यवेक्षण के उपरांत संबंधित एजेंसी को भुगतान करने का निर्णय लिया जाएगा 3 करोड़ 57 लाख के सापेक्ष फर्म को कोई भुगतान वर्तमान स्थिति तक नहीं किया गया है। महापौर प्रशांत सिंघल की अनुमति से प्रभारी लेखाधिकारी ने सदन के समक्ष नगर निगम वित्तीय वर्ष 2024- 25 का बजट पढ़ना शुरू किया नगर निगम के प्रभारी लेखाधिकारी भरत दुबे ने



बोर्ड के विशेष अधिवेशन में नगर निगम का बजट रखते हुए बताया कि नगर निगम अलीगढ़ का बजट (2024-25) की स्थिति 01 अप्रैल 2024 को प्रारम्भिक अवशेष रुपए 35072.83 लाख, बजट (2024-25) की अनुमानित प्रस्तावित आय रुपए 91728.66 लाख कुल योग रूप्ये 126801.48 लाख, बजट (2024-25) का अनुमानित प्रस्तावित व्यय रुपए 112208.06 व दिनांक 31 मार्च 2025 को अनुमानित अन्तिम अवशेष रूप्ये 14593.42 बोर्ड अधिवेशन में प्रभारी लेखाधिकारी भरत कुमार दुबे ने नगर निगम के 2024-25 के पुनरीक्षित बजट पर विस्तार से प्रस्तुत किया। प्रभारी लेखा अधिकारी ने पास हुए पुनरीक्षित बजट के संबंध में बताया कि 01 अप्रैल 2024 को प्रारंभिक अवशेष 35072.83 बजट 2024-25 की अनुमानित प्रस्तावित आय ? 91728.66 लाख कुल योग 126801.48 लाख का पास हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि बजट 2024-25 का अनुमानित प्रस्तावित व्यय 112208.06 लाख सहित दिनांक 31 मार्च 2025 को अनुमानित अंतिम अवशेष 14593.42 लाख को सर्वसम्मति से पास किया गया है।

महापौर प्रशान्त सिंघल ने अलीगढ़ की दिशा और दशा बदलने के लिए उक्त बजट धनराशि का सदुपयोग करते हुए विकास कार्यों को सभी पार्षद वार्डों में एकरूपता से करने की अपील की। उन्होंने खुले मंच से कहा पार्षदों की जनहित समस्याओं को जानने के लिए हर महीने बैठक आहूत की जाएगी। बोर्ड बैठक मे पार्षदगण कुलदीप पाण्डेय, पुष्पेंद्र कुमार जादौन, अनिल कुमार सेंगर, संजय पंडित, शेरसिंह सैनी, योगेश सिंघल, स्नेह सिंह बघेल, राकेश ठाकुर, दिनेश भारद्वाज, मोहम्मद हाफिज़, नूर अब्बासी, मुशर्रफ हुसैन, मोहम्मद असलम, शबाना असलम नूर, अंशु अग्रवाल, सुभाष चंद्र शर्मा, महावीर सिंह, नसी अहमद, आजाद सिंह, अगन लाल, बॉबी कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, रेनू सैनी, पुष्पा देवी, हरिशंकर, सुरेंद्र रश्मि सिंह, निरंजन सिंह, मनोज कुमार, योगेंद्र पाल सिंह, शाहीन, राजबहादुर, मुनमुन खां, मोहम्मद आदील रिहाना, नीलाफर सबा खां, अमरीन निशा, उस्मान खालिदा, तबस्सुम हारून, अब्दुल मुत्तलिब, ओमवती, सुमन देवी, विमलेश सिंह, पूनम, रीनू सैनी, रश्मि माहौर, लाल सिंह, पार्वती देवी, वीनेश देवी, राजकुमार, दिनेश कुमार, केला देवी, विनोद कुमार, करन कुमार, स्वर्ण लता, हितेश कुमारी,आदि मौजूद थे।

## घर में सांप निकले तो उसे मारें नहीं, हिफाजत करें: प्रेमी हैरी

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**मांट।** तहसील के गांव जावरा में मांट रोड पर स्थित पप्पू सिंह के घर में किंग कोबरा सांप घुस गया. इसकी सूचना भूपेंद्र सिंह बिल्डिंग मैटेरियल जावरा ने पर्यावरण प्रेमी हैरी को दी। सूचना पर पर्यावरण प्रेमी हैरी निवासी गढ़ी आशा मौके पर पहुंचे. करीब 20 मिनट सांप की तलाशी की गई, जिसमें वह उपलों में बैठा हुआ मिला. इसके बाद उसका रेस्क्यू किया गया है।

यह करीब 5 फीट लंबा था, जिसे जंगल में रिलीज किया गया है. पर्यावरण प्रेमी हैरी निवासी गढ़ी आशा ने बताया कि अगर आपके घर में या आसपास कहीं सांप निकल आए तो आप उसे रेस्क्यू करा सकते हैं। इसके लिए 7983084719 नंबर पर कॉल करना होता है. जिसके बाद



मौके आकर सांप को रेस्क्यू किया जाता है और फिर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सांपों को लेकर कहावत है कि सांप मर जाए और लाठी भी ना टूटे। ये कहावत कहीं न कहीं सांपों के प्रति हिंसक व्यवहार को दर्शाती है। ग्रामीण इलाकों में भी घर में या कहीं सांप निकल आए तो लोग उसे मारने पर उतारू हो जाते हैं, लेकिन यह सरासर गलत है। अगर आपके साथ ऐसा कभी हो तो सांप को मारने से पहले दो बार सोंचे क्योंकि एक ऑप्शन रेस्क्यू का भी है। हैरी ने बताया कि उन्होंने अब तक 133 सांपों का रेस्क्यू किया है।

# एएमयू में बनाया जाए मंदिर: रूबी

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मंदिर बनाया जाए, जिससे हिंदू भाइयों को पूजा अर्चना करने में किसी तरह की परेशानी न हो, यह मांग अलीगढ़ की भाजपा नेत्री रूबी आसिफखान ने उठाई है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हर छात्र को अपने त्योहार मनाने का अधिकार है।



उन्होंने कहा कि अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम ने कैंपस में होली खेलने के मामले में छात्रों का साथ दिया। इसके बाद छात्रों को कैंपस में होली खेलने की अनुमति भी मिल गई है। अब कैंपस के अंदर अगर मंदिर की स्थापना की जाएगी तो हिंदू छात्र अपने सभी त्योहार आसानी से मना सकेंगे और इससे आपसी प्रेम भी बढ़ेगा। रूबी आसिफ खान ने कहा कि अगर कैंपस के अंदर मंदिर की स्थापना होगी, तो आपसी प्रेम भी बढ़ेगा। इसलिए एएमयू में मंदिर की स्थापना की जाए और इसमें सभी देवी-देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित की जाए।

जिससे गणेश चतुर्थी, नवरात्र जैसे त्योहारों में हिंदू छात्र-छात्राएं पूजा अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में सभी जाति धर्म के लोग एक साथ मिलकर पढ़ाई करते हैं। लेकिन वहां का माहौल अक्सर खराब हो जाता है। आए दिन लड़ाई-झगड़े और गोली चलने की सूचनाएं आती हैं। अगर सभी धार्मिक काम मिलकर होंगे तो यह गतिविधियां भी खत्म हो जाएंगी। रूबी आसिफ खान ने कहा है कि वह एएमयू कैंपस के अंदर मंदिर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करेंगी। इसके लिए वह उन्हें पत्र लिखेंगी, जिससे कैंपस के अंदर मंदिर की स्थापना कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राएं जब एक-दूसरे के साथ मिलकर त्योहार मनाएंगे, तो उनका आपसी प्रेम और भाईचारा निश्चित तौर पर बढ़ेगा।

## भाजपा कार्यालय पर हुई अहम बैठक

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**हापुड़।** आज प्रातः है 10 बजे प्रदेश उपाध्यक्ष व जिले के चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंचे तथा उसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष हापुड़ के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई दोपहर होते-होते 59 जिला अध्यक्ष के फॉर्म दिए गए जिसमें 57 कार्यकर्ताओं ने अपने नामांकन किया प्रांत प्रतिनिधि के लिए भी तेरे फॉर्म दिए गए तथा तेरे कार्यकर्ताओं ने ही आवेदन किया इस पर दिनेश शर्मा ने कहा कि पूरा चुनाव नामांकन की प्रक्रिया बहुत ही शांतिपूर्ण और प्रेम पूर्ण वातावरण में हुई तथा उन्हें कहा कि आज बहुत अच्छा लग रहा है कि सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं ने अपना-अपना आवेदन किया है अब यह सभी आवेदन लखनऊ ले जाए जाएंगे तथा वहां हाई कमान चर्चा के उपरांत जल्द ही जिला अध्यक्ष की घोषणा करेगा।

# जिले में सुपरवाइजरों के माध्यम से गृहकर, जलकर की हो रही है वसूली

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**फिरोजाबाद।** नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे विशेष वसूली अभियान के अंतर्गत नगर वासियों को अवगत कराना है कि जीआईएस कंपनी द्वारा नगर के सभी भवनों के सर्वेक्षण पर नियमानुसार बिल जारी कर वार्ड के सुपरवाइजरों के माध्यम से गृहकर, जलकर की वसूली की जा रही है।

उक्त प्रक्रिया से समस्त भवनों को कर निर्धारित किया जा चुका है। सम्बंधित फर्म द्वारा पहले से दर्ज भवनों का सर्वेक्षित भवनों का मिलान न करने से कुछ भवनों पर डबल



बिल की समस्या आई है जिसके लिए सम्बंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। यह भी अवगत कराना है कि वर्ष 2023-24 से बकाये पर उप नगर निगम अधिनियम 1959 में यथा प्राविधानित 12 प्रतिशत वार्षिक की दर से ही सामान्य ब्याज देय है। 24प्रतिशत वार्षिक ब्याज की बात गलत है। डबल बिल की समस्या या नाम संशोधन या अधिक क्षेत्रफल में लगाए गए टैक्स से संबंधित समस्याओं का समाधान वार्डों में लगाए जा रहे समाधान शिविर या नगर निगम कंट्रोल रूम नंबर 8958575575 पर दर्ज कराया जा सकता है। कर निर्धारण अधिकारी से उनके मोबाइल नंबर 7088118020 पर सम्पर्क करने के अलावा कार्यालय दिवस में व्यक्तिगत रूप से भी मिलकर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

टैक्स सम्बंधित समस्या कासमाधान प्राप्त न होने पर नगर आयुक्त महोदय से कार्यालय दिवस में व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर या कंट्रोल रूम में प्रार्थना पत्र प्राप्त कराकर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

# विद्यालय में दावत पड़ी भारी हेड मास्टर और टीचर हुए सस्पेंड

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**अलीगढ़।** इगलास थाना क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय में दावत कराने वाले सहायक अध्यापक और इंचार्ज हेडमास्टर को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने स्कूल में एक व्यक्ति की शादी की सालगिरह की दावत करवाई थी। इसमें व्यक्ति ने अपने रिश्तेदारों को दावत दी थी और स्कूल परिसर के अंदर ही डीजे बजाकर कार्यक्रम किया गया था।



गांव के लोगों ने इसकी वीडियो बना ली थी और इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की गई थी। अधिकारियों ने टीचर और हेडमास्टर को कॉल किए थे, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया था। जिसके बाद अधिकारियों ने मामले की जांच की थी और प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। इगलास के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में आठ मार्च को गांव में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने निजी कार्यक्रम का आयोजन किया था। लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर अधिकारियों को शिकायत की थी। शिकायत मिलने पर बीएसए ने मौके पर विभाग के एक कर्मचारी को भेजा था। मौके पर जाने पर वहां दावत होती मिली थी। जिसके बाद अधिकारियों ने तत्काल पुलिस की मदद से दावत को बंद करा दिया था। इसके साथ ही हेडमास्टर और सहायक अध्यापक से पूछताछ की थी। जिस पर उन्होंने बताया था कि स्कूल की चाभी पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति के पास ही रहती है, उसने ताला नहीं तोड़ा है। बीएसए ने इंचार्ज हेडमास्टर को निर्देश दिए थे कि तत्काल आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाए। लेकिन इंचार्ज हेडमास्टर नीरज कुमारी और सहायक अध्यापक एदल सिंह ने कोई कार्रवाई नहीं की।

बीएसए ने दोनों को निलंबित कर दिया है। बीएसए डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि टीचर्स की मिली भगत से ही स्कूल में निजी कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। दोनों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। जिसके बाद उच्च अधिकारियों को इसकी आख्या भेजी जाएगी।

## शोभायात्रा को लेकर जिला ब्राह्मण सभा की बैठक

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**फिरोजाबाद।** जिला ब्राह्मण महासभा की एक बैठक दोपहर एक बजे परशुराम शिविर पर आयोजित की गई। जिसमें भगवान परशुराम शोभायात्रा निकालने को लेकर चर्चा हुई। शोभायात्रा अध्यक्ष आशू उपाध्याय ने बताया कि फिरोजाबाद जिले में हर साल निकलने वाली हमारे आराध्य भगवान परशुराम की शोभायात्रा भव्य रूप से मई में निकाली जाएगी और इस बार शोभायात्रा की कमान युवाओं के हाथ में है और सभी युवाओं का साथ हमे मिल रहा है। बैठक में शोभायात्रा को कैसे सफल बनाया जाए इसको लेकर सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान गोपाल भारद्वाज, रितिक उपाध्याय, फ्लवेंद्र पाराशर, आकाश पचौरी, सुनील शर्मा, निक्की शर्मा, गौरव मिश्रा, शांतनु शर्मा, अमित उपाध्याय, देव शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नगर निगम की बड़ी लापरवाही, कूड़े के ढेर में मिले गोवंशों के मृत के क्षत विक्षत शव

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**अलीगढ़।** शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को एक सूचना प्राप्त हुई, जिसमें थाना बन्नादेवी के पीछे नगर निगम के द्वारा डाले जाने वाले कूड़े के ढेरों में गोवंशों के मृत एवं क्षत विक्षत शव मिले। मौके पर कई क्षत विक्षत शव कुत्तों के द्वारा नोचे गए थे एवं कई शव जो कि कूड़े के ढेर में पड़े थे।

सूचना मिलते ही विहिप ब्रजप्रान्त सह0 मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर नगर आयुक्त और पुलिस प्रशासन को लगातार फोन के माध्यम से अवगत कराया गया और कहा कि देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वयं गौमाता की रक्षा हेतु कितने गंभीर हैं वहीं अलीगढ़ नगर निगम





के अधिकारियों की लापरवाही देखकर लगता है कि उन्होंने मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना करने की शपथ खाई हुई है। थाना बन्नादेवी पुलिस के द्वारा जेसीबी बुलाकर शवों को जेसीबी द्वारा जमीन में दफ्नाने की जल्दबाजी की जाने लगी लेकिन हिंदूवादियों ने पहले गोवंश की दुर्गति के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की उसके बाद ही शवों को गाड़ने की बात कही। सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह और एसीएम प्रथम सुधीर कुमार सोनी के द्वारा मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी की गई। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारियों द्वारा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही को लेकर थाना बन्ना देवी में तहरीर दी गयी।

# श्री कुमार ने अपने स्वर्जनों को किया भेट



अमर भास्कर, ब्यूरो।

**फिरोजाबाद।** ज्ञानेश कुमार जी मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार ने सिरसागंज स्थित अपनी ननिहाल में अपने स्वजनों से भेंट किया।

इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को उन्होंने अपने आई ए एस बनने की गाथा को भी बताया, साथ ही साथ मुख्य निर्वाचन के रूप में निभाई जा रही, अपनी भूमिका और चुनौती के बारे में लोगों को विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पूरे भारत में 50 लाख से अधिक निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहा हूं, इतने बड़े दायित्वों को निभाने के लिए मैंने सदैव धैर्य का परिचय दिया है, उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई, हम लोकतंत्र के नींव के पत्थर हैं और हमारे ऊपर ही लोकतंत्र की इमारतें बनती हैं, मैं यहां आकर अत्यंत अपनत्व महसूस कर रहा हूं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, उप जिलाधिकारी सिरसागंज सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश एवं निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में इगलास पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान दो शातिर अभियुक्त परवेज पुत्र महताब निवासी नयागाँव थाना नाडापुल थाना नयागाँव जिला सास मोहाली पंजाब, ईनाम पुत्र समसेर निवासी मुडीगडी थाना घरोंडा जिला करनाल हरियाणा को मय दो देशी तमंचा 315 बोर मय दो जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ अलीगढ़-मथुरा रोड डबल नहर के पास बूढ़ी नागर की तरफजाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक हुई संपन्न

अमर भास्कर, ब्यूरो।

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) की मासिक बैठक का आयोजन नुमाइश ग्राउंड स्थित सरकारी सभागार में किया गया। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, उनके अधिकारों और न्यायिक सहायता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि जनपद भर के सभी पत्रकारों को न्याय और सुरक्षा प्रदान करने के लिए परिषद सदैव तत्पर रहेगी।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए एकजुट रहना होगा। परिषद के प्रवक्ता जितेंद्र सिंह ने उपस्थित पत्रकारों को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि पत्रकार अपने



अधिकारों से पूरी तरह अवगत रहेंगे, तो वे प्रशासनिक अधिकारियों के सामने बेझिझक अपनी पत्रकारिता कर सकेंगे।

वरिष्ठ पत्रकार सोमेश शिवांकर ने पत्रकारों के लिए वर्कशॉप संचालन का सुझाव दिया, जिससे पत्रकारों को अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का समाधान मिल सके। उपाध्यक्ष सुशील तोमर ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि पत्रकारों को संगठित रहकर अपने हितों की रक्षा करनी होगी। बैठक में परिषद के कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह, सचिव पुष्पेंद्र सिंह, महासचिव जितेंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी, संदीप शर्मा, संगठन मंत्री डी.के. गौतम व मनोज चौहान, कोसेंद्र यादव, विशाल शर्मा, अमित अग्रवाल, मयंक जैन, अहोराम राजोरिया, सचिन, कमल सिंह, दीपाली सक्सेना, गौरव अस्थाना, सोनू शर्मा, आलेस कुमार, दीपेंद्र पाल सिंह, अतुल कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार शर्मा सहित अन्य कई पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक के सफल आयोजन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने अलीगढ़ टीम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर सदैव तत्पर रहेगी और भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। इस मासिक बैठक के सफल आयोजन से परिषद को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया, ताकि पत्रकारों को उनके कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो और वे बिना किसी दबाव के निष्पक्ष पत्रकारिता कर सकें।

# रात में पत्नी संग सो रहे किसान की गोली मारकर हत्या

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिले में किसान की हत्या का मामला सामने आया है। बिल्सी थाना इलाके के गांव जरसैनी में शनिवार देर रात मुर्गी फार्म पर सो रहे किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

वारदात के दौरान किसान के साथ दूसरी चारपाई पर उसकी पत्नी भी सो रही थी। रविवार तड़के ग्रामीणों को हत्या की जानकारी हुई। इस पर पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए। साथ ही किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



हत्या क्यों और किसी रंजिश में की गई है। इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, संभल जिले के बहजोई थाना इलाके के गांव छपरा निवासी रामपाल (50) पुत्र बसंती की बहन की ससुराल बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव जरसैनी में हैं।

करीब चार साल पहले रामपाल के बहनोई की मौत हो गई थी। जिसके चलते रामपाल, पत्नी कमलेश के साथ बहन के यहां रहने लगे थे। उन्होंने गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर खुद का मुर्गी फार्म खोल रखा था। इसके साथ ही एक रिटायर्ड दरोगा की जमीन को बंटाई पर लेकर खेतीबाड़ी कर रहे थे।

शनिवार रात किसान मुर्गी फार्म पर बनी झोपड़ी के अंदर पत्नी कमलेश के साथ सो रहा था। इसी बीच देर रात करीब दो बजे अज्ञात बदमाशों ने किसान के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर जागी पत्नी कमलेश पति को खून से लथपथ हालत में देख सुधबुध खो बैठी।

कातिल वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं किसान की पत्नी मुर्गी फार्म पर ही पूरी रात रोती बिलखती रही। रविवार तड़के खेतिहर इलाके में शौच को गए ग्रामीणों ने कमलेश को रोते-बिलखते देखा तो उन्हें हत्या की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने पुलिस को हत्या की सूचना दी।

हत्या की सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पहुंचे। उन्होंने पत्नी से पूछताछ की। वहीं, मौके से हत्या से जुड़े सबूत जुटाए। हत्या के पीछे की वजह पता नहीं चल सकी है। पुलिस हत्या की तफ्तीश में जुट गई है। किसान की पत्नी के मुताबिक, उन पर तीन बेटी और एक बेटा है। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि बेटा दिल्ली में नौकरी करता है।

# पुलिस को मिली सफलता: अपहृत डेढ़ साल की मासूम तीसरे दिन सकुशल मिली

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उसहैत के गांव कड्डी नगला में बृहस्पतिवार दोपहर को अपहृत हुई डेढ़ साल की मासूम प्रभा को तीसरे दिन पुलिस ने सकुशल पा लिया। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को पकड़ा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पूरे घटना क्रम का पुलिस रविवार को खुलासा करेगी।



थाना क्षेत्र के गांव कटरा सआदतगंज निवासी पुष्पेंद्र की डेढ़ साल की बेटी प्रभा को बृहस्पतिवार दोपहर बाइक सवार दो बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। बच्ची उस दौरान कड्डी नगला गांव के स्कूल परिसर में खेल रही थी, जबकि उसकी मां कपड़े धो रही थी। बाइक सवार बदमाश बच्ची को लेकर अटेना घाट की तरफ फरार हो गए थे। इस मामले में एसएसपी ने बच्चों को तलाशने में पुलिस की पांच टीमें लगाईं थीं, जो तीन दिन से बच्ची को तलाशने में कटरी इलाके की खाक छान रही हैं।

बावजूद इसके पुलिस को कामयाबी नहीं मिल पा रही थी। पुलिस दो दिन से अटेना घाट के इर्दगिर्द सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर बाइक सवारों को ट्रेस करने की कोशिश में लगी रही। इसके साथ ही घटना के दौरान उस रोड का बीटीएस भी उठाकर संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ट्रेस किया गया। इस दौरान देखा गया कि इलाके में किन-किन लोगों के मोबाइल एक्टिव थे। कोई संदिग्ध नंबर भी ट्रेस नहीं हो सका था, जिससे अहम साक्ष्य नहीं मिल सके।

पुलिस ने शनिवार को भी परिजनों के साथ अटेना घाट से सटे इलाकों के लिंग रोड एवं मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। लोगों से पूछताछ की। मगर पुलिस को सुराग नहीं मिल सके। तीसरे दिन पुलिस को दिन में कोई सफलता हाथ नहीं लगी। देर शाम पुलिस ने मासूम को बरामद कर लिया। पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

बताया जा रहा है कि मासूम को ले जाने वाले करीबी ही हैं। पूरे मामले का तानाबाना करीबियों ने ही बुना था। पुलिस को पहले दिन ही इसका शक था। इसके बाद पुलिस ने इन लोगों के नंबर सर्विलांस पर लगाए। बताया जा रहा है कि बच्ची को गंगा की कटरी के किनारे गांव में रखा गया था। पुलिस शनिवार की शाम को वहां तक पहुंच गई।

बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया है। रविवार को इस मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।
**- बृजेश सिंह, एसएसपी बदायूं**

## सार-संक्षेप

### युवा ग्रुप द्वारा पंचम श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन



**बिसौली।** नगर के साहूकारा युवा ग्रुप द्वारा पंचम श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फूलों की होली एवं सुप्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका चौहान अपनी सुमधुर वाणी से श्याम बाबा का गुणगान करेंगी। श्री लक्ष्मीनारायण बड़ा मंदिर में सोमवार को श्री श्याम संकीर्तन में भजनों की रसधारा में डूबकर श्रद्धालु बाबा श्याम की महिमा का आनंद लेंगे। कीर्तन में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए जाएंगे। वही इत्र वर्ष से वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर के श्याम भक्तों में उत्साह है। इस दौरान विभु अग्रवाल, रोहित गुप्ता, ऋषभ वार्ष्णेय, जीतेश, दीपक, डॉ गुंजन वार्ष्णेय, प्रवीन अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, तापेश माथुर, मनोज अग्रवाल, क्षितिज मिश्रा आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान चलाकर लिए गए 13 नमूने जांच हेतु भेज लैब

**बदायूं।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदया, बदायूँ के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) सी०एल० यादव के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु जनपद बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले विशेष अभियान के क्रम में विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 13 खाद्य पदार्थो के नमूने वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

### 86 लाख रुपये से जिले की आठ सड़कों पर होंगे सुधारात्मक कार्य

**बदायूं।** हादसों में कमी लाने के लिए शासन ने जिले में हादसों की वजह बन रहीं आठ सड़कों पर सुधारात्मक कार्य करने के लिए बजट जारी कर दिया है। जिले की इन सड़कों के लिए 86 लाख रुपये मिले हैं। इससे सड़कों पर ब्लैक स्पॉट समेत अन्य सुधारात्मक कार्य किए जाएंगे। बता दें कि प्रदेश में सर्वाधिक हादसों वाले 20 जिलों में बदायूं भी शामिल है। उसका 18वां स्थान है।

हाल ही में हुए सर्वे में जिले में 33 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए। इनमें 12 नए ब्लैक स्पॉट भी शामिल हैं। रिपोर्ट बनाकर प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजी गई। शासन ने बदायूं जिले की आठ सड़कों को चुना है। जहां सर्वाधिक हादसे हो रहे हैं।

इन सड़कों पर ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य कराने के लिए कहा गया है। यहां साइन बोर्ड से लेकर कैट आई भी लगवाई जाएंगी। सड़क किनारे जहां गड्ढे हैं, वहां मिट्टी डलवाई जाएगी। इन आठ सड़कों पर 86 लाख रुपये से ब्लैक स्पॉट व सुधार के कार्य होंगे। इसमें से करीब 43 लाख रुपये सरकार ने जारी भी कर दिए हैं।

जिन सड़कों को चुना गया है, उनमें शाहबाद-बिसौली से कछला गंगा घाट मार्ग, आंवला-कुंवरगांव मार्ग, बदायूं-बिजनौर राष्ट्रीय राज्यमार्ग, मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे, उझानी संजरपुर- बिल्सी मार्ग, पीलीभीत-बरेली-मथुरा-भरतपुर मार्ग, वजीरगंज आंवला मार्ग,दातागंज तिराहे से कचहरी लालपुल मार्ग शामिल हैं। इन आठ मार्ग पर 22 ब्लैक स्पॉट है। जिन पर काम शुरू किया जाएगा।

ब्लैक स्पॉट पर सड़क किनारे गड्ढे भरे जाएंगे, सड़क पर सफेद पट्टी होगी, कैट आई लगाई जाएंगी। इस तरह सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाएंगे, जिससे वाहन चालक को यह पहले से ही दिख जाए कि यहां खतरा है और वह पहले से संभल कर वाहन को चला सके।

जिले के आठ मार्गों पर 22 ब्लैक स्पॉट हैं। इन पर सुधारात्मक कार्य किए जाने हैं। सभी का स्थलीय निरीक्षण कर सूची जिला प्रशासन व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सौंप दी गई है। अब पीडब्ल्यूडी के द्वारा काम कराया जाएगा।
**- अम्बरीश कुमार, एआरटीओ**

# माहे रमजान के आठवें दिन मस्जिदों में रही भारी भीड़

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** रविवार को माहे रमजान के आठवें दिन खुदा की इबादत के लिए मस्जिदों में भारी भीड़ रही। रोजदारों ने दिनभर रोजा रखा और देर शाम तरावीह की नमाज अदा की। चारों तरफ माहे रमजान का नूर और खुशियां दिखाई दे रही हैं। मस्जिद बिलाल के इमाम हाफिज शादाब रजा उवैसी ने बताया कि मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अकीदतमंद कुरआन ए पाक की तिलावत कर रहे हैं। उन्होंने बताया चूंकि रमजान के तीस दिनों को



तीन हिस्सों में बांटा गया है यानी रहमत, मगफिरत, जहन्नम से आजादी। पहला अशरा रहमत का चल रहा है, इसलिए सभी अल्लाह तआला की रहमत से मालामाल होना चाहते हैं। इस अवसर पर हाफिज मो. इमरान अंसारी, हसनैन अंसारी, बदर खान, मो. असलम, पूर्व सभासद इरशाद अहमद, अशफाक सैफी, गुड्डू सैफी, हनीफ सैफी, सय्यद मुजम्मिल अली, अफसार अहमद, शादाब अंसारी, बाबू रजा, आकिल अंसारी, सय्यद शाहबाज, मास्टर रहीस, वासिफ सैफी आदि मौजूद रहे।

# इंडोर गेम्स में अस्मिता, प्रवेंद्र टेबिल टेनिस में सोनाली और दीपांशु कैरम बने चैम्पियन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय बदायूं में युवा महोत्सव के अन्तर्गत चल रहे दो दिवसीय इंडोर क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन टेबल टेनिस और कैरम की छात्र छात्राओं की अलग अलग प्रतियोगिता कराई गई।

छात्र वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर वर्तमान सत्र के चौम्पियन बने। छात्रा वर्ग में अस्मिता सागर ने टेबल टेनिस की चौंपियनशिप अपने नाम किया। छात्रों में दूसरा स्थान अर्पित को मिला। तीसरे स्थान पर आजिंक्य रहे। छात्राओं में दूसरा स्थान अनामिका सक्सेना और तीसरा स्थान कीर्ति सक्सेना को प्राप्त हुआ।

छात्रों की कैरम प्रतियोगिता में दीपांशु गुप्ता विजेता तथा फैजुद्दीन उप विजेता बने। आदित्य मौर्य को तीसरा स्थान मिला। छात्राओं की कैरम प्रतियोगिता में सोनल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , वहीं वर्तिका राणा को दूसरा स्थान मिला। चेतना आर्या तीसरे स्थान पर रहीं।

निर्णायक की भूमिका डॉ दिलीप वर्मा, डॉ गौरव कुमार सिंह एवं डॉ जुनैद आलम ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में डॉ अनिल कुमार, डॉ सचिन राघव एवं डॉ संजय कुमार रहे। सभी प्रतियोगिताएं क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकुम सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुआ। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार बतरा ने मेडल पहना कर प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ श्रद्धा गुप्ता, डॉ बबीता यादव, डॉ नीरज कुमार, डॉ प्रेमचंद चौधरी, ज्योति विश्नोई, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ सरिता यादव, डॉ राशेदा खातून आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# मनकामेश्वर जन सेवा समिति की मासिक बैठक का आयोजन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उसावां।** मनकामेश्वर जन सेवा समिति की मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक परिसर में स्थित मानकेश्वर मन्दिर पर किया गया। होली के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए समिति ने बैठक का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। बैठक में समिति के सदस्यों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मनकामेश्वर जन सेवा समिति पिछले कई वर्षों से समाज के हितों के लिए कार्य करती आ रही है। समिति का मूल उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशाखोरी बाल विवाह दहेज प्रथा मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं का दमन करना है। समिति पर्यावरण



संरक्षण को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करती है।संस्थापक अनिल कृष्ण ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा की सभी सदस्य होली का त्यौहार धूमधाम से मनाएं और समाज के लोगों को प्रेरित करें की होली के त्योहार पर नशीले पदार्थों का सेवन न करें।

समिति के अध्यक्ष राजीव बासुदेवन ने कहा कि हम तब तक नहीं रुकने वाले जब तक हम समाज में फैली कुरीतियों का नाश नहीं कर देंगे। बैठक में समिति उपाध्यक्ष एपी यादव गौरव सिंह पवन सिंह चंदेल अजय वर्मा अमित अम्बर डॉक्टर अवनीश यादव राजकमल शुक्ला सुरजीत यादव शिवराज हेमंत महाजन आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उघैती ( बदायूं )।** होली के पर्व व रमजान महीने को लेकर थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने क्षेत्र के गांव करनपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में गांव के संभ्रांत वर्ग के लोग मौजूद रहेइस दौरान थाना प्रभारी ने कहा होली का पर्व आपसी सौहार्द व आपसी भाईचारे का पर्व हैं। होली आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। जिस किसी को रंग से परहेज हो वह पर जबरदस्ती एक दूसरे पर रंग ना डाला जाए। किसी के भावना के साथ खिलवाड़ ना किया जाए। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा सोशल



मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना थाने पर देने बात कही। इसके बाद थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र कस्बा खितौरा में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च करते हुए खुरापातियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हिन्दी काव्य मंच द्वारा होली की टोली सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन

## एचएल मल्होत्रा शिक्षा निकेतन जोगीपुरा में हुआ कार्यक्रम

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** एच एल मल्होत्रा शिक्षा निकेतन जोगीपुरा बदायूँ में बदायूँ हिन्दी काव्य मंच द्वारा होली की टोली सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि श्री संजीव वार्ष्णेय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बदायूँ और वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं समाजसेवी एस के मल्होत्रा जी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया।

सरस्वती वंदना बिसौली से पधारे कवि हरगोबिंद पाठक जी ने पढ़ी।

मातु शारदे वंदन तेरा

उज्ज्वल वशिष्ठ ने पढ़ा

छोड़कर नफरतें जमाने की,

आओ करते हैं प्यार होली में।

मुख्य अतिथि श्री संजीव वार्ष्णेय जी ने कहा

बरसाना में खेले होरी, कान्हा संग राधा गोरी,कान्हा को पकड़ अंग अंग रंग डारों है....

अमजदी साहब ने पढ़ा

चुभो ना दे कहीं दिल में ये तेरे खार होली में,

गले जो मिलने को आए हैं तेरे यार होली में।

अहमद अमजदी बदायूँनी

अचिन मासूम जी ने कहा

'मिले उल्लास का और हर्ष का



आधार होली में,'

'न कोई भी रहे गम से कभी दो चार होली में,'

'जमीं से आसमां तक सप्तरंगी हो रही दुनियां,'

'रंगो से कर रही धरती नवल श्रृंगार होली में ॥'

उझानी से पधारे कवि विवेक अज्ञानी जी ने पढ़ा

उड़ाओ खूब रंग ये खुशी के यार होली में.....

मिलाओ दिल से दिल और लुटाओ प्यार होली में....

छल ,कपट ,ईर्ष्या और भेदभावों से परे होकर.....

छिपा है प्रेम और सद्भावना का सार होली में........

बिसौली से पधारे कवि आकाश पाठक ने पढ़ा

हम सब मिल गए यार यहां सब होली में।

मुख पर झलके प्यार सभी की बोली में।

दिल की गहराइयों को तुम पहचानो

बंगले में रहते हो या फिर खोली में।

राजवीर सिंह तरंग जी ने पढ़ा

प्यार के नगमे सुना? होली के त्यौहार में,

रंजो गम सब भूल जा? होली के त्यौहार में।

दीप्ति सक्सेना जी ने पढ़ा

फाग सुनाए सांवरिया, सांवरिया रंग भर लाई बदरिया॥

हरगोबिंद पाठक जी ने कहा

जन-जन में होली उमंग ।

हुई देवर भाभी से जंग ।

लठ्ठ मारे लोग लुगाई,

भर दे उर में प्रेम का रंग ।

उमेश त्रिगुणायत जी ने पढ़ा

रंगों के पर्व पर है शुभकामना हमारी।

उल्लास हर्ष चहुंदिश दुनिया लगे सुखारी।

होली में आप सबको खुशियां गले लगाएं, सब पर रखें हमेशा अपनी कृपा बिहारी।

## संपादकीय

# ऑनलाइन निष्क्रिय रहने का सुख



अन्य क्षेत्रों में सक्रिय रहना भले अच्छा माना जाता हो, लेकिन आनलाइन प्लेटफार्मों पर निष्क्रिय लोग प्रायः सुखी देखे जा रहे हैं। अब तो साइबर एक्सपर्ट भी कह रहे हैं कि आनलाइन प्लेटफार्मों में जो जितना अधिक सक्रिय है। उसके ठगे जाने की उतनी अधिक आशंका है। इसी तरह इन प्लेटफार्मों में सक्रियता आपको लती बनाती है और आप दुनिया भर की समस्याओं को सुलझाने की चिंता में नाहक दुबले होते रहते हैं।

उन देशों की भी समस्याएं, जिन्हें मानचित्र में खोजना भी आपके लिए कठिन हो। आप इस जल्दी में भी रहते हैं कि किसी भी ट्रेंडिंग मसले पर कुछ लाइक या फिर वायरल होने वाली पोस्ट कैसे करें। इस फेर में अपना टेंशन बढ़ाते रहते हैं। इस टेंशन से बचना है और चैन से रहना है तो चाहे बजे डंका, चाहे जले लंका, आप तो बस आराम कीजिए। जब आप ताजा खबर, बबन फैंस क्लब, सजातीय मंच, आज का ज्ञान, साहित्य शिरोमणि जैसे वाट्सएप समूहों में जबरिया जोड़ लिए गए हों या फिर अपनी इच्छा से जुड़े हों तो भी वहां निष्क्रियता से बढ़िया और कुछ नहीं। वहां सक्रिय रहकर आप अपना टेंशन बढ़ाएंगे और आपको शुभ प्रभात के संदेश दोपहर तक देखने पड़ेंगे। वॉट्सएप समूहों में आए दिन बहसबाजी होती ही रहती है। टीवी चैनल हो तो बहस समय से शुरू होकर समय से खत्म हो जाए। इधर तो सुबह से लेकर शाम तक, शाम से लेकर रात तक निरंतर बहस की स्थिति बनी रहती है। कई बार बहस बढ़ते-बढ़ते थाने तक चली जाती है। इस बहस में वे बेचारे भी घसीट लिए जाते हैं, जिन्होंने बीच-बीच में सिर्फ रोने-हंसने के इमोजी भर भेजे होते हैं। ऐसे में यदि आप निष्क्रिय हैं तो बहस के साथ भी और बहस के बाद भी मजे में रहेंगे। आनलाइन सोशल प्लेटफार्म पर आप सक्रिय रहते हैं तो दिल की बात मुंह आने का डर होता है। टीवी डिबेट में स्वतंत्र पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक या जानकार मुंह खोलते ही पकड़ में आ जाते हैं कि उनके मुंह में किस कंपनी की जुबान है। बोलने पर आदमी के दांत ही नहीं, अक्ल की दाढ़ भी दिख जाती है। आप निष्क्रिय हैं तो कभी भी यह आरोप नहीं लग सकता कि आप इधर के है या उधर के वाट्सएप समूहों में यदि आप सक्रिय रहते हैं तो एडमिन कोई न कोई जिम्मेदारी सौंप देंगे। यह संसार की रीत है। चालू बैल को ही जोता जाता है। उत्सर्जित होती ऊर्जा का हर कोई रूपांतरण करना चाहता है। और फिर जिम्मेदारी मिलते ही आप भी मेंढक तौलने लगेंगे। निष्क्रिय बने रहे तो ही अच्छा। जब से इंटरनेट मीडिया आया है, खूब जन्मदिन मनने लगे हैं। जन्मदिन ही क्यों, पुण्य स्मरण और बरसी भी। आप कहां तक बधाई, शुभकामना और फूल पत्तियां भेजोगे! और फिर उधौ को बधाई दे दी और माधौ की अनदेखी कर दी तो वह देख लूंगा वाले मोड में आ जाएगा। निष्क्रिय हैं तो सावन हरे न भादों सूखे वाली स्थिति में रहेंगे। यदि आप किसी ग्रुप में तमाशबीन बनकर रहते हैं तो मुद्दा-ए-खास पर आयोजित चर्चा में अपमानित होने और समूह से निकाले जैसी कार्रवाई से हमेशा बचे रहेंगे। लेफ्ट होने जैसी सोशल सुसाइड से भी बचे रहेंगे।

माने आग लगे बस्ती में अपन तो रहो मस्ती में। यदि आप वाट्सएप समूहों में निष्क्रिय अवस्था में रहते हैं या कम या बिल्कुल ही नहीं लिखते तो आपकी हिंदी कितनी अच्छी है और आपके विचार कितने श्रेष्ठ हैं, इस पर हमेशा पर्दा पड़ा रहेगा। नतीजतन आपकी छवि एक भयंकर गंभीर और व्यस्त व्यक्ति की बनी रहेगी। विश्वास कीजिए यदि आप वाट्सएप समूह में निष्क्रिय हैं और सिर्फ अमावस-पूनम ही नजर आते हैं तो आपकी सभी को प्रतीक्षा रहेगी। सूरज, चांद, तारों को कौन निहारता है, हेली धूमकेतु को सब नोटिस करते हैं। सास दैनिक गंगा नहाने जाए तो बहू रोज-रोज पैर नहीं पड़ती। आप कहेंगे यह सब तो ठीक है, लेकिन जब कभी अपना या पत्नी का जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ जैसा कोई खुशी का प्रसंग आया तब क्या करेंगे? या हमें कोई सम्मान वगैरह मिला तो उस खुशी को किसे बताएंगे? ऐसे तो जंगल में मोर नाचा किसने देखा जैसी बात हो जाएगी! तो डोंट वरी, उस दिन सचमुच आनलाइन मीडिया में सक्रिय रह लीजिए। कोई डाक्टर ने तो मना नहीं किया।

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें बैल आइकॉन दबाना न भूलें। -सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

अमर भास्कर कार्यालय

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।

पिन कोड-243601

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*

# बंधे बब्बर शेर कहकर कांग्रेसियों का किया अनादर?

कांग्रेस क्यों अपना खोया हुआ जनाधार हासिल नहीं कर पा रही है, इसका पता गुजरात पहुंचे राहुल गांधी के इस विचित्र कथन से मिलता है कि यहां पार्टी के आधे नेता भाजपा से मिले हुए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इन्हें निकालना पड़े तो निकाल देना चाहिए। आखिर उन्हें कैसे पता चला कि गुजरात में कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले हुए हैं? यदि एक क्षण के लिए यह मान भी लिया जाए कि वह जो कुछ कह रहे हैं, वह सच है तो फिर ऐसे 20-30 नेताओं को पार्टी से निकालने से कौन रोक रहा है?

यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की निष्ठा पर सवाल उठाकर उन्हें हतोत्साहित किया हो। हैरानी नहीं कि उनके इस बयान के चलते गुजरात के कांग्रेस नेता एक-दूसरे को संदेह की निगाह से देखें और इसके नतीजे में पार्टी के उत्थान



की राह और अधिक कठिन हो जाए।

यह साधारण बात नहीं कि राहुल गांधी जैसा वरिष्ठ नेता अपने नेताओं की निष्ठा को इस तरह खुलेआम संदिग्ध करार दे। ऐसा लगता है कि वह इससे प्रसन्न नहीं कि उनके नेता उनकी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आक्रामक नहीं हैं। बेहतर हो कि कोई उन्हें यह याद दिलाए कि भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और मोदी के प्रति उनकी अनावश्यक आक्रामकता का कांग्रेस को कुछ खास लाभ नहीं मिला है। राहुल गांधी इसके पहले यह कह चुके हैं कि कांग्रेस को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से डरने वाले नेता नहीं चाहिए। कोई नहीं जानता कि उन कांग्रेस नेताओं का क्या हुआ, जिनकी नजर में वे कथित तौर पर भाजपा और आरएसएस से डरते थे। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि नवजोत सिंह सिद्धू जैसे भाजपा से कांग्रेस में आए कई नेता राहुल गांधी के करीबी रह चुके हैं।

गुजरात दौरे पर गए राहुल गांधी ने यह भी कहा कि कांग्रेस में बब्बर शेर हैं, लेकिन वे बंधे हुए हैं। समझना कठिन है कि वह कहना क्या चाहते हैं? कहीं वह यह तो नहीं कहना चाहते कि यही बब्बर शेर जैसे कांग्रेस नेता भाजपा से मिले हुए हैं? पता नहीं, उनके कहने का मंतव्य क्या है, लेकिन उन्होंने जिस तरह कांग्रेस नेताओं को बरात के घोड़े सरीखा करार दिया, वह उनका निरादर ही है। इसकी संभवना नहीं कि उनकी ऐसी विचित्र खरी-खोटी से गुजरात के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उत्साहित होंगे। बात केवल गुजरात की ही नहीं है, अन्य राज्यों में भी कांग्रेस दिशाहीन और उत्साहहीन नजर आती है।

# अविश्वसनीय साबित होते ट्रंप, कथनों और फैसलों में दिख रही अस्थिरता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन किसी से छिपा नहीं। वह किसी भी मामले में कुछ भी अप्रत्याशित कह देते हैं। वह असत्य और अर्द्धसत्य भी जोरदारी से कहते हैं। ट्रंप अपने इस कार्यकाल में वे सारे काम करने को उतावले हैं, जो पिछली पारी में नहीं कर पाए थे, लेकिन वह अपने कथनों और फैसलों को लेकर अस्थिर और अविश्वसनीय भी दिख रहे हैं। वह उन सभी देशों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा कर रहे हैं, जो अमेरिका पर अधिक आयात शुल्क लगाते हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने मेक्सिको, कनाडा और चीन से की, लेकिन फिर उन्होंने मेक्सिको और कनाडा पर टैरिफ लगाना एक माह के टाल भी दिया। यह साफ है कि वह व्यापार घाटे को खत्म करने की जल्दी में हैं। उनकी ओर से छेड़े गए टैरिफ वार का शायद चीन पर सबसे अधिक असर पड़ेगा। उसने पलटवार करते हुए अमेरिका पर टैरिफ बढ़ाते हुए, कहा है कि वह उसके साथ हर तरह की जंग लड़ने को तैयार है। यदि ट्रंप के टैरिफबढ़ाने के जवाब में चीन की तरह अन्य देशों ने भी टैरिफ बढ़ाया तो अमेरिका को इन देशों से आने वाली वस्तुएं महंगी मिलेंगी या फिर अन्य किसी देश से खरीदने पड़ेंगी।

इससे बेपरवाह ट्रंप यह जताना चाहते हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बचाने में वही सक्षम हैं। उनके अड़ियल रवैये से यही लग रहा है कि विश्व भर में स्टाक मार्केट में उथलपुथल का जो दौर शुरू हुआ, वह आगे भी जारी रहेगा। ट्रंप ज्यादा टैरिफलगाने वाले देशों में भारत का नाम न जाने कितनी बार ले चुके हैं। गत दिवस उन्होंने फिर भारत को बहुत ज्यादा टैरिफलगाने वाला देश बताते हुए यह दावा किया कि भारत टैरिफमें उल्लेखनीय कमी करने को तैयार हो गया है, जबकि भारत की ओर से ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है। वैसे भी अभी टैरिफके मुद्दे पर दोनों देशों में वार्ता जारी है। इसके पहले ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह 2 अप्रैल से भारत पर पारस्परिक टैरिफ लगाएंगे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में यह तय हुआ



था कि दोनों देश शीघ्र ही व्यापार समझौता करेंगे। ट्रंप मूलतः एक व्यवसायी हैं। वह भारत सहित अन्य देशों के रिश्तों को केवल आर्थिक चश्मे से देख रहे हैं। फिलहाल भारतीय उद्योगपति मान रहे हैं कि अमेरिका की ओर से टैरिफबढ़ाने से भारतीय निर्यात पर अधिक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन ट्रंप के मनमाने रवैये को देखते हुए यह कहना कठिन है कि ऐसा ही होगा। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। पिछले साल दोनों देशों का व्यापार 130 अरब डालर था।

दोनों देश 2030 तक इसे 500 अरब डालर तक ले जाना चाहते हैं। दोनों देशों के कारोबारियों ने एक-दूसरे के यहां भारी निवेश कर रखा है। इसके अलावा बड़ी संख्या में भारतीय नौकरी के लिए अमेरिका जाते हैं, लेकिन अनेक ऐसे भी हैं, जो वहां अवैध तरीके से जाते हैं। ट्रंप अपने यहां अवैध रूप से पहुंचे भारतीयों को निकालने में लगे हुए हैं। वैसे तो ऐसे भारतीय पहले भी वहां से निकाले गए हैं, लेकिन इस बार ट्रंप उन्हें बहुत अपमानजक तरीके से निकाल रहे हैं। वे उन्हें हथकड़ी-बेड़ी लगाकर भेज रहे हैं। माना जाता है कि ऐसा करके वह भारत को यह राजनीतिक संदेश दे रहे हैं कि उसे आर्थिक-व्यापारिक मामले में उनके समक्ष झुकना ही पड़ेगा। देखना है कि भारत उनका सामना किस तरह करता है। ट्रंप यूक्रेन और रूस की लड़ाई अपनी शर्तों पर खत्म करने में भी जुट गए हैं। इससे यूक्रेन असहाय सा दिख रहा है। यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने किसी देश को पहले सहायता देकर बाद में अधर में छोड़ा हो। ट्रंप और उनके साथियों ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का जिस तरह व्हाइट हाउस में अपमान किया, वह अप्रत्याशित है।

ऐसा व्यवहार अमेरिका जैसे देश को शोभा नहीं देता। इस व्यवहार से यही धारणा बनी कि ट्रंप अक्खड़ हैं और उन पर भरोसा करना खतरे से खाली नहीं। ट्रंप और पुतिन के संबंध पहले से ही प्रगाढ़ रहे हैं। यह साफ है कि वह अमेरिका और रूस की तनातनी आगे नहीं बढ़ाना चाहते, लेकिन इस फेर में यूक्रेन का संकट और यूरोप की चिंता तो बढ़ ही रही है, भरोसेमंद देश के रूप में अमेरिका की छवि भी नष्ट हो रही है। ट्रंप कितने अस्थिर हैं, इसका पता इससे चलता है कि अब वह रूस पर भी नए प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं।

ट्रंप ने बीते 40 दिनों में धड़ाधड़ प्रशासनिक आदेशों के जरिये जो तमाम फैसले लिए हैं, उनमें से अनेक का विरोध हो रहा है और कुछ पर तो अदालतों ने रोक भी लगा दी है। अमेरिकी न्यायपालिका स्वतंत्र और सशक्त है। उसके समक्ष ट्रंप मनमानी नहीं कर सकते। हैरानी नहीं कि उनके कई फैसले अधर में पड़ जाएं। तथ्य यह भी है कि उनके कुछ फैसलों का जब तक संसद से अनुमोदन नहीं होता, तब तक उन पर अमल संभव नहीं। ट्रंप ने खर्च घटाने के लिए जिस सरकारी दक्षता विभाग की कमान कारोबारी एलन मस्क को सौंपी है, उसकी अनुशंसा से वह अमेरिकी एजेंसी यूएसएड के जरिये विश्व के अनेक देशों को दी जाने वाली सहायता पर भी रोक लगा रहे हैं।

उन्होंने कई देशों को विभिन्न मदों में दी जा रही अमेरिकी सहायता को लेकर अपने ही लोगों को भ्रष्टाचार में लिप्त बता दिया है। पता नहीं उनके दावों में कितना सच है।

## खेल-खिलाड़ी

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद रोहित शर्मा लेंगे संन्यास? उपकप्तान गिल ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाना है। इस महामुकाबले से इतर प्रशंसकों के मन में एक सवाल उठ रहा है कि क्या कप्तान रोहित शर्मा खिताबी मैच के बाद संन्यास का एलान कर देंगे? इसे लेकर उपकप्तान शुभमन गिल ने स्थिति स्पष्ट की है। मैच से पूर्व गिल ने कहा कि रोहित ने टीम के साथ अपने संन्यास लेने के प्लान पर कोई चर्चा नहीं की है। पिछले साल टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से



संन्यास ले लिया था। कोहली और रोहित अभी भी वनडे में दमदार बल्लेबाजी कर रहे हैं, लेकिन क्रिकेट जगत में चर्चा है कि अगर भारत चैंपियंस ट्रॉफी जीतता है तो दोनों बल्लेबाज या फिर कम से कम एक अपने करियर को अलविदा कह सकता है। गिल ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टीम का ध्यान खिताब जीतने पर केंद्रित है और रोहित भी इस पर ध्यान लगा रहे हैं। टेस्ट प्रारूप में लगातार असफलताओं के बाद रोहित के भविष्य पर सवाल उठ रहे थे। इसके अलावा उनके फिटनेस स्तर को लेकर भी चर्चा होने लगी थी। गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछा गया कि क्या रविवार को फाइनल मैच के बाद रोहित संन्यास ले लेंगे? गिल ने कहा कि रोहित शायद इस बारे में मैच के बाद फैसला ले सकते हैं। गिल ने कहा, हमने इस बारे में बात नहीं की है। हमारी सारी चर्चा सिर्फ मैच जीतने को लेकर हुई है और हमें बस यह मुकाबला जीतना है। रोहित ने इस बारे में ना सिर्फ मुझसे बल्कि टीम से भी चर्चा नहीं की है। मुझे लगता है कि रोहित भी बस फाइनल जीतने के बारे में सोच रहे हैं।

उपकप्तान गिल ने कहा कि मुझे लगता है कि रोहित पहले चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मैच खत्म होने के बाद वह इसे लेकर फैसला ले सकते हैं, लेकिन टीम में किसी से भी मैंने इस बारे में कुछ सुना नहीं है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल से पहले भारत को झटका?

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मैच से पहले भारतीय खिलाड़ियों के खेमे से चिंताजनक खबर सामने आई है। पूर्व कप्तान विराट कोहली चोटिल हो गए। उनके घुटने पर चोट लगी जिसकी वजह से अभ्यास सत्र को बीच में ही रोकना पड़ा। खिताबी मुकाबले से पहले पाकिस्तानी वेबसाइट जियो न्यूज ने बड़ा दावा किया। रिपोर्ट में बताया गया कि अभ्यास सत्र के दौरान किंग कोहली के घुटने पर गेंद लगी, जिससे वह दर्द से कराह उठे। इसके बाद भारतीय टीम को कुछ देर के लिए अपनी प्रैक्टिस रोकनी पड़ी। गेंद लगने के तुरंत बाद भारतीय टीम के फिजियो ने मैदान पर पहुंचकर उनका इलाज किया, स्प्रे लगाया और पट्टी बांधी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि हल्के दर्द के बावजूद विराट कोहली मैदान पर मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। हालांकि, भारतीय टीम मैनेजमेंट ने पुष्टि की है कि चिंता की कोई बात नहीं है। कोहली फाइनल मुकाबले के लिए पूरी तरह फिट हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पर्थ टेस्ट में शतक के बाद लगातार रनों के लिए जूझ रहे विराट कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फॉर्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है।



## प्यारी बिटिया

नन्हीं कली मुस्काई है
संग उमंगें लाई है।
बिटिया ने मुस्कान सजाई,
जन्मदिवस की बहुत बधाई।

सूरज जैसी किरण लुटाए,
तारों जैसी चमक दिखाए।
मीठी बातें, मीठे सपने,
मन में भरी उमंग अपने।

पल-पल तेरा संग संजोया,
हर आशीष में तुझे पिरोया।
जग में रोशन तेरा नाम हो,
खुशियों से भरी तेरी शाम हो।

ज्ञान की ज्योति संग जलाए,
हर राह पे आगे कदम बढ़ाए।

माँ-पापा को गर्व कराए,
सपनों को सच करके दिखाए।

स्नेह सदा घुला-मिला रहे,
हर जन्मदिन तेरा खिला रहे।
फूलों सी महकती रहे हर पल,
रौशन रहे तेरा हर पल।



लेखिका
प्रतिमा पाठक, दिल्ली

# भारतीय किसान यूनियन द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन (बीआरएसएस) द्वारा ग्राम देवपुरा, अंबेडकर पार्क धनौरा, जिला अमरोहा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (पुरस्कार समारोह) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर विनोद नागर ने शिक्षा को बढ़ावा देने की बात पर जोर दिया। साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार से लेकर किसान एवं आम जनता के हित में कार्य करने की बात कही। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर विनोद नागर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानायक मनोज कुमार पांडे, मोहन भारद्वाज थल सेना, कृष्ण कुमार वर्मा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया रीजनल डायरेक्टर, नरेंद्र चौधरी, शर्मिष्ठा चौधरी झारखंड सरकार, डॉ. विशाखा त्यागी नोएडा विश्वविद्यालय, अश्वनी सिंह पूर्व कर्नल, नरेश राघव पूर्व जनरल सेक्रेटरी इंडियन आर्मी आदि वरिष्ठ जनों ने संगठन के समस्त कार्य कर्ताओं का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। मुख्य रूप से युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संभल मिंकू चौधरी, जिला अध्यक्ष अमरोहा दीपक गुर्जर, भोला पहलवान राष्ट्रीय महासचिव, जिला महासचिव ठाकुर अनमोल कुमार, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष कन्हैया कुमार प्रजापति, रजा हुसैन, मूलचंद सैनी मुरादाबाद मंडल से तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महात्म्य का हुआ समारोह पूर्वक विमोचन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** माहात्म्य ग्रंथ का आर्य समाज के प्रांगण में समारोह पूर्वक विमोचन किया गया। कैला देवी धाम के महंत ऋषि राज गिरी, नीमसार तीर्थ के बाल योगी दीनानाथ जी महाराज, उप जिलाधिकारी डॉक्टर वंदना मिश्रा, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर मणि भूषण तिवारी, तथा विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल एवं ग्रंथ के प्रकाशक गोपाल शरण अग्रवाल के कर कमलो से पुष्प वर्षा के बीच विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर नीमसार तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज ने कहा कि सांस्कृतिक सामाजिक आध्यात्मिक और बौद्धिक क्रांति के लिए सद्विचार का होना अनिवार्य है और यह प्रेरणादायक सद्विचार हमें संभल माहात्म्य ग्रंथ से मिल सकते हैं। नगर पालिका परिषद संभल के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर मणि भूषण तिवारी ने कहा कि संभल माहात्म्य में 68 तीर्थ 19 कूप सहित संभल की आध्यात्मिक सांस्कृतिक विरासत का वर्णन हम सबको द्रविभूत करेगा और संभल के प्रत्येक घर में इस ग्रंथ का होना अपेक्षित माना जाएगा। उप जिलाधिकारी डॉक्टर वंदना मिश्रा ने बताया सामान्य रूप से प्रत्येक नगर बस्ती का संस्थापक कोई ना कोई होता है लेकिन संभल की स्थापना भगवान शिव ने अपने त्रिशूल के द्वारा की है। इसलिए संभल प्रत्येक युग में अक्षुण्ण रहा है। ऐसे तीर्थ के समान नगर की आध्यात्मिक कीर्ति का वर्णन करना और सुनना बराबर के पुण्य दायक हैं।

संभल माहात्म्य के प्रकाशनकर्ता गोपाल शरण अग्रवाल ने कहा कि संभल माहात्म्य का प्रकाशन महत्वपूर्ण इसलिए है कि संभल की आध्यात्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक कीर्ति पताका संभल का व्यक्ति जितनी ऊंचाई तक फहरा सकता है दूसरा कोई नहीं। उन्होंने संभल माहात्म्य प्रकाशित करके जन जागृति उत्पन्न करना अपना उद्देश्य बताया।

# प्रतियोगिता में एमपीएस उपविजेताय आसिया बेस्ट प्लेयर



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अंडर-17 अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस लीग 2024-25 का शनिवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें जेडएफए टीम सबसे ज्यादा अंक पाकर पहले नम्बर पर रही। जेडएफए टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ जीत हासिल की। इस टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और आखिरकार जीत का खिताब अपने नाम किया। वहीं, एमपीएस टीम दूसरे स्थान पर रहकर जीत दर्ज कराई। इस टीम ने भी पूरे टूर्नामेंट ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और उपविजेता का खिताब हासिल किया। इस पूरे टूर्नामेंट में एमपीएस की आसिया को उनके शानदार खेल के लिए बेस्ट प्लेयर के अवार्ड से नवाजा गया। आसिया ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम के लिए शानदार खेल का प्रदर्शन कर जीत के मुहाने तक पहुंचाकर अहम जिम्मेदारी निभाई। दूसरी ओर, जेडएफए की आशी को उनके उत्कृष्ट गोल करने की क्षमता के लिए गोल्डन बूट के पुरस्कार से नवाजा गया। आशी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण गोल किए और अपनी टीम की जीत के लिए अहम किरदार अदा किया। प्रतियोगिता में नजराना की इलमा, सावित्री बाई की मोहनी और आशीष बाल विधा की काजल को अच्छे खेल के प्रदर्शन के लिए सम्मानित गया।इस प्रतियोगिता का आयोजन मॉडर्न पब्लिक स्कूल में किया गया था, जिसमें 6 टीमों ने भाग लिया था।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला फुटबॉल को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए, साथ ही उनके खेल की प्रशंसा कर मनोबल भी बढ़ाया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की तौर पर मॉर्डन पब्लिक स्कूल के निदेशक सऊद आलम विशेष अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद परितोष गौतम व विशेष अतिथि मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल शकील अहमद मौजूद रहे।

# दुष्कर्म करने वाले दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जिले में गैंगरेप की शिकार हुई 14 साल की दलित लड़की से मिलने के लिए यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण शनिवार को मुरादाबाद पहुंचे। मंत्री ने पीड़िता और उसके परिवार से मुलाकात के बाद कहा कि पीड़िता को इंसाफ मिलेगा। दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि योगी सरकार में जब आतंकी महफूज नहीं हैं तो फिर गुंडों की महीने रेप किया था। उसके हाथ पर गुदे ओम को तेजाब से जला दिया था। इसके अलावा लड़की को जबरन गोमांस खिलाने की कोशिश की थी।

आरोपियों ने उसके मुंह में जबरन गोमांस ठूंसा था। इस मामले में पुलिस 4 में से 3 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। जबकि एक आरोपी अभी तक फरार है। शनिवार को मंत्री असीम अरुण भगतपुर के इसी गांव में पहुंचे। वो सीधा पीड़िता के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़िता से भी घटना के बारे में जानकारी की। इसके बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा, 'इसी मुरादाबाद में मुख्यमंत्री योगी जी के निर्देश पर आतंकवादियों का हिसाब किताब हुआ है, ये गुंडे किस खेत की मूली है।

प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। मंत्री असीम अरुण ने ये घोषणा भी की है कि पीड़िता और उसके भाई को प्रति माह ढ़ाई-ढ़ाई हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। विकास की दृष्टि से परिवार को मजबूत बनाने के लिए सरकार की ऐसी योजनाओं जिसके वे पात्र हैं उनका लाभ दिया जाएगा।

बच्ची के माता-पिता नहीं है, ऐसी स्थिति में बच्ची और उसके भाई को बाल सेवा योजना के अंतर्गत 2500-2500 रुपए प्रति माह सरकार प्रदान करेगी। मंत्री असीम अरुण ने बच्ची को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में रखने का प्रस्ताव परिजनों को दिया है। बता दें कि भगतपुर थाना क्षेत्र की एक किशोरी को सलमान, जुबैर, राशिद और आरिफ ने अगवा कर बंधक बना कर दो माह तक गैंगरेप किया था।

## सार-संक्षेप

### दोस्तों संग गंगा स्नान करने आए मेजर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता



**हरिद्वार।** हरियाणा के पलवल से दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने हरिद्वार आए आर्मी के मेजर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। फिलहाल मामले में पुलिस सीसीटीवी खंगालते हुए तलाश कर रही है। अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के अनुसार आर्मी मेजर के तौर पर तैनात रोहताश निवासी पलवल हरियाणा अपने दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने के लिए हरिद्वार आए थे। रात में अचानक लापता हो गए। दोस्तों ने उन्हें गायब देख पहले खुद इधर-उधर खोजबीन की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस चौकी पहुंचकर जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करते हुए मेजर की तलाश शुरू की कमरे में वह अकेले जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद फिर आगे की लोकेशन नहीं दिखी। नगरकोट वाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आर्मी के मेजर दोस्तों के साथ यहां आए थे। उनकी तलाश की जा रही है।

### धूमधाम से मनाया गया महिला शक्ति संगठन की और से होली समारोह

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** महिला शक्ति संगठन की ओर से होली समारोह का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी ने गुलाल ओर फुलों की होली खेली तो वहीं बच्चों ओर संगठन के पदाधिकारी ने होली के गीतों पर डांस किया। रविवार को थाना हयात नगर क्षेत्र के निजी जेपीरिसोर्ट में महिला शक्ति संगठन ने होली पर्व धूमधाम से मनाया जिसमें सभी महिलाएं एकत्रित हुई। कार्यक्रम में डॉ किशनजीत वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, खुशबू वार्ष्णेय, निशि वार्ष्णेय जयप्रकाश गुप्ता अतिथि शामिल हुए सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख कल्पना वार्ष्णेय और रिचा वार्ष्णेय ने अध्यक्ष दीपा बाष्णेय के परामर्श से की। ब्रज वाला देवी ने सभी अतिथियों का स्वागत गीत से स्वागत किया।

होली पर्व के मौके पर सभी को होली की टोपी पहनाई गई इसके बाद पारुल, आंचल, मुस्कान, करुणा, प्राची छाया, मंजू और खुशबू ने होली के गानों पर डांस किया। कार्यक्रम में कई मनोरंजन गेम के आयोजन भी हुए कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को गुलाल और फूलों की होली खेल कर होली की शुभकामनाएं दी। संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने बताया की होली का पर्व हमारा संगठन हर वर्ष धूमधाम से मानता है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि होली समाज को समानता का संदेश देती। सत्ता या शक्ति यदि गलत हाथों में चली जायें तो उसका दुरूपयोग होता है इस कारण विनाश का कारण बनता है। होली की अग्नि से सभी बिमारी दूर होती हैं। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता दीपा वार्ष्णेय ने की वहीं मंच संचालन दीप्ति वार्ष्णेय और मंजू आर्य ने किया। इस अवसर पर खुशबू, कविता, साधना, कुसुम लता, मधु गुप्ता, पदमा, नीलम, छाया, माधुरी, मंजू सोनिया, दीप्ति, वर्षा, बृजबाला, निशि, नेहा, लक्ष्मी शशि ममता आदि शामिल हुए।

# परमार्थ निकेतन में योग महोत्सव शुरू



**उत्तराखंड।** परमार्थ निकेतन आश्रम में योग महोत्सव शुरू हो गया। महोत्सव के पहले दिन साधकों ने आईसीसी चौंपियनशिप में भारत की जीत के लिए पूजा अर्चना की गई। आज भारतीय टीम दुबई में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन में नौ से 15 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन होगा। आश्रमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने बताया कि आश्रम की ओर से बीते 36 वर्षों से महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में भारत समेत मैक्सिको, नॉर्वे, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जापान, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, आदि देशों के योगाचार्य और योग जिज्ञासु प्रतिभाग करेंगे।

# जिंदगी को रोमांच और रफ्तार देने के लिए चुनी ड्राइविंग



**देहरादून।** महिला कल्याण के नाम पर गृहणियों को आमतौर पर आचार, पापड़ बनाने या सिलाई-कढ़ाई से जुड़े कामों की सलाह दी जाती है, लेकिन महिलाओं का एक वर्ग ऐसा भी है जिसने अपनी जिंदगी को रोमांच और रफ्तार देने के लिए ड्राइविंग का पेशा चुना है। उनके सपनों को पंख लगाने में सहायक बनी सहेली ट्रस्ट की संरक्षक श्रुति कौशिक ने कहा कि आचार-पापड़, सिलाई-कढ़ाई व अन्य दूसरे कार्यों से लाखों महिलाओं का जीवन संवरा है, लेकिन सभी महिलाओं को इन कार्यों से न तो पर्याप्त आर्थिक सहायता मिलती है, न ही रुचि रखती हैं। उनकी एनजीओ सहेली ट्रस्ट घरेलू हिंसा से परेशान महिलाओं के लिए स्व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है।

एनजीओ ने साल 2018 में महिला सवारियों के लिए महिला ड्राइवरों वाली शी-कैब सेवा शुरू की। तब से परिवहन विभाग के साथ मिलकर 54 महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिला चुकी हैं। उत्तराखंड की पहली महिला कॉमर्शियल ड्राइवर ममता ने उनके एनजीओ के जरिए प्रशिक्षण लिया। ये सभी ड्राइवर आज शी-कैब, एफआरआई व अन्य संस्थानों के लिए ड्राइविंग करके आर्थिक तौर पर सशक्त हो चुकी हैं। शहर में प्लंबर और इलेक्ट्रीशियन की बड़ी मांग है। इसलिए जल्द ही महिलाओं के लिए प्लंबर और इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेंगे। ड्राइविंग के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाने की कवायद भी जारी रहेगी।

ममता पुजारी ने बताया कि वह राज्य की पहली महिला कॉमर्शियल ड्राइवर हैं। अपनी खुद की टैक्सी से चार धाम यात्रा कराती हैं। वह सिर्फ महिला सवारियों को लेकर चलती हैं, जिससे उन्हें भी सुरक्षा का अहसास रहता है। उनकी तरह ही 30 वर्षीय यशोदा और 40 साल की राधा भी ड्राइविंग कर जीविका चला रही हैं।

# होली एवं रमजान के जुमे मुबारक को लेकर हुई उचित बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के निजी कार्यालय पर बैठक हुई जिसमें लोगों ने बताया कि जनपद में नमाज के समय को लेकर लोग असमंजस में हैं बैठक में ये समझाया गया कि रमजान का माह का दूसरा जुम्मा तथा होली का भी रंग भी है एक समय पर है। परन्तू इस अवसर पर फिरोज खाँ ने लोगों को समझाया कि जहाँ पर होली के रंग का आयोजन नहीं है एक वर्ग की आबादी है वहा समय निर्धारित समय पूर्व की तरह नमाज अदा करें व जहाँ मिली जुली आबादी है तथा जुलुस का रास्ता है वहाँ समय में बदलाव कर सकते हैं बैठक में प्रशासन से ये भी मांग की गई कि पिछले वर्ष प्रशासन द्वारा मस्जिदो की सुरक्षा को देखते हुए पन्नी तिरपाल से ढका गया था व होली खेलने वालो तथा रमजान को देखते हुए बिजली पानी सफाई एवं सुरक्षा के बेहतर इन्तेजाम किये जाने की मांग की गई है इसबार भी दोनों पर्वो पर भाईचारा को कायम रखना है एक दूसरे के सहयोग की अपील की जाती है बैठक में शामिल रहे रहीस प्रधान मुस्तकीम रियाजुद्दीन बिलाल शान सालिम जबर सिंह यादव रामरहिस यादव अमरपाल यादव मोनिस जरीफ फैजान गुलाम आदि लोग शामिल रहे।

# संस्कार भारती के द्वारा किया गया सुन्दर कांड आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** संस्कार भारती जनपद संभल के द्वारा आवास विकास स्थित डॉक्टर एस.एन. शर्मा के निवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया पंडित महेश चंद शर्मा के द्वारा विधि विधान से पूजन किया गया, मुख्य यजमान डॉ एस एन शर्मा एवं उनकी पत्नी पूनम शर्मा रहीं सर्वप्रथम गणेश वंदना, सरस्वती वंदना का वाचन हुआ तदोपरांत महेश चंद्र शर्मा, नरेंद्र कुमार आचार्य, रजत, आदि ने भावविभोर युक्त संगीतमय सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया सभी भक्तों ने सुंदर कांड पाठ का सामूहिक गुणगान किया। सुन्दर कांड पाठ के उपरांत शोषण मुक्त सभ्य भारत मिशन के द्वारा कर्तव्य दिवस मनाया गया मिशन के द्वारा कर्तव्यनिष्ट सम्मान से स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी को सम्मानित किए गया, कार्यक्रम का संचालन डॉ टी एस पाल के द्वारा किया गया, रजत शर्मा ने फूलों में सज रहे श्याम प्यारे।

उमेश कुमार शर्मा ने श्री राम धुन में मन तु जब तक मगन ना होगा। महेश चंद शर्मा ने जमुना तट श्याम होली खेल रहे। आई पी शर्मा ने राम राम रट प्यारे जग वंदन कर ले तू प्यारे आदि गायकों ने शानदार भजन प्रस्तुत किए, ढोलक पर नन्हें ने संगत दी , सुन्दरकाण्ड पाठ के उपरांत शिखाराम रावत, हिमांशु शर्मा, शान्ति राणा शांति, सुखपाल सिंह गौर आदि कवियों ने काव्यपाठ किया।

# विधायक रामवीर से भिड़ गईं बीजेपी की जिला पंचायत अध्यक्ष



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**मुरादाबाद।** भाजपा के दो बड़े नेता आपस में भिड़ गए। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह और कुंदरकी से विधायक रामवीर सिंह के बीच जमकर हॉट-टॉक हुई। शैफाली ने रामवीर सिंह से कहा- विधायक विधानसभा के तौर तरीके यहां नहीं चलेंगे। आप मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं। यह आपकी विधानसभा नहीं है। वहां जाकर शोर मचाइए। सत्ताधारी दल के दो नेताओं को इस तरह आपस में लड़ते देख डस्ब् जयपाल सिंह व्यस्त हाथ जोड़ते दिखे। वहीं, सपा विधायक नजारा देखकर मुस्कराते नजर आए। यह बैठक शुक्रवार को हुई थी, शैफाली सिंह और रामवीर सिंह के बीच तूतू-मैंमैं का वीडियो शनिवार को सामने आया है। शैफाली सिंह बोलीं- विधायक सिर्फ यहां अड़ंगा करने आए मुरादाबाद के सर्किट हाउस में शुक्रवार को जिला पंचायत की बोर्ड बैठक हुई। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह और कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह और भाजपा एमएलसी जयपाल सिंह शामिल हुए। रामवीर सिंह ने जल निगम के अधिकारियों से विकास कार्यों की जानकारी मांगी। इस पर शैफाली ने कहा- जिला पंचायत की बैठक में कोई भी विषय अध्यक्ष की अनुमति के बिना नहीं उठाया जाता है। विधायक जी सिर्फ यहां अड़ंगा करने आए हुए हैं। जिस तारीख से आप विधायक हैं, उस तारीख से ही जानकारी लेने का अधिकार रखते हैं। इससे पहले की जानकारी उन्हें नहीं दी जाएगी। अगर इससे ज्यादा जानकारी चाहिए तो सूचना का अधिकार के तहत लगा सकते हैं। रामवीर सिंह ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- जानकारी मांगना उनका अधिकार है। इससे उन्हें रोका नहीं जा सकता। इस पर शैफाली सिंह ने कहा- यह आपकी विधानसभा नहीं है। वहां जाकर शोर-शराबा मचाइए। विधायक रामवीर बोले- सपा विधायक के प्रस्ताव मान लिए, मुझे बोलने तक नहीं दिया रामवीर सिंह ने कहा, जिला पंचायत बोर्ड की यूं तो तीन महीने पर होनी चाहिए, लेकिन यहां सवा साल बाद हुई। मैं पहली बार विधायक के नाते पदेन सदस्य के रूप में इस बैठक में पहुंचा था। मैंने कहा कि सभी अधिकारियों का परिचय करा दिया जाए, ताकि जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के कार्य कराने में सुविधा रहे। मैंने अधिकारियों से परिचय को कहा तो एक-दो अधिकारी खड़े होकर अपना परिचय देने लगे। इसी बीच जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह ने अधिकारियों से कहा कि किसी को परिचय देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने मुझे यह कहते हुए बोलने से रोका कि आप पदेन सदस्य हैं, आप विधानसभा में बोलिए, यहां आपको बोलने का अधिकार नहीं है। जबकि मीटिंग में मौजूद सपा के विधायकों को उन्होंने बोलने दिया और उनके रखे प्रस्ताव स्वीकार भी कर लिए। उन्होंने सपा विधायकों से यहां तक कहा कि आप जो भी प्रस्ताव रखेंगे, मैं सब स्वीकार कर लूंगी। मैंने जिला पंचायत अध्यक्ष से कहा कि अगर मुझे पदेन सदस्य या विधायक होने के नाते बोलने की अनुमति नहीं है तो मेरी पत्नी संतोष देवी वार्ड 31 से जिला पंचायत की सदस्य हैं।रामवीर बोले- बैठक में कई ऐसे लोग प्रस्ताव रख रहे थे जो खुद जिला पंचायत सदस्य नहीं थे, बल्कि अपनी पत्नियों की जगह आए थे। मैंने कहा, मुझे भी इसी तरह बोलने दिया जाए तो उन्होंने नहीं बोलने दिया। उनके मन में क्या दुराग्रह है, वही बता सकती हैं। प्रदेश सरकार हर घर जल योजना लेकर आई है, लेकिन कई गांवों में 6 साल बाद भी टंकियां नहीं खुली हैं। मैंने शिवपुरी गांव का ऐसा ही मामला उठाया तो जिला पंचायत अध्यक्ष ने जानकारी दे रहे जल निगम अधिकारी को डांटकर बैठा दिया।

# लंदन में बिग बेन टॉवर पर फलस्तीनी झंडा लेकर चढ़ा युवक



**लंदन।** मध्य लंदन के पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में बिग बेन टॉवर पर एक युवक फ्लस्तीनी झंडा लेकर चढ़ गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक ने टॉवर पर चढ़कर प्रदर्शन किया। युवक वार्ताकारों के साथ लंबी बातचीत के बाद आधी रात को इमारत से बाहर निकल गया। इसके बाद एक चेरी बीनने वाले स्थान पर बैठ गया। घटना के चलते वेस्टमिंस्टर पैलेस के आसपास यातायात शनिवार को काफी देर तक रुका रहा।

पुलिस ने पार्लियामेंट स्क्वायर तक सभी पैदल यात्रियों की पहुंच भी बंद कर दी। समर्थकों के एक छोटे समूह ने पास के पुलिस घेरे के पीछे से फ्री फ्लस्तीन चिल्लाया। पुलिस ने पुष्टि की कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। यूएस सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने रविवार सुबह इंडियाना से यात्रा कर रहे एक हथियारबंद व्यक्ति को व्हाइट हाउस के पास गोली मार दी। सीक्रेट सर्विस ने बताया कि व्हाइट हाउस से लगभग एक ब्लॉक की दूरी पर गोलीबारी हुई। इसमें कोई और घायल नहीं हुआ। सीक्रेट सर्विस को स्थानीय पुलिस से एक कथित आत्मघाती व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी। वह इंडियाना से यात्रा कर रहा था और उसने उस व्यक्ति की कार और उसके विवरण से मेल खाने वाले एक व्यक्ति को पास में पाया। जैसे ही अधिकारी पास आए। व्यक्ति ने एक बंदूक लहराई।

इसके बाद हमारे कर्मियों ने गोलियां चलाईं। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चीन ने अपने रक्षा बजट में इजाफा किया है। इसे 249 अरब डॉलर कर दिया है। चीन ने कहा कि उसे रक्षा क्षेत्र में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बढ़ी हुई राशि का इस्तेमाल नवीनतम लड़ाकू क्षमताओं के साथ नए डोमेन बलों को विकसित करने के लिए किया जाएगा। चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने संसद में घोषणा की कि इस वर्ष देश के लिए नियोजित रक्षा व्यय 1.784665 ट्रिलियन युआन है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि चीनी सेना को राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल चीन ने अपने रक्षा बजट को 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब डॉलर (1.67 ट्रिलियन युआन) कर दिया था। चीन के पास अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य बजट है। वहीं चीन का रक्षा खर्च भारत के 6,81, 210 करोड़ रुपये से तीन गुना है। अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन ने कहा है कि शुक्रवार को स्पेसएक्स स्टारशिप अंतरिक्ष यान में हुए धमाके के कारण करीब 240 उड़ानें बाधित हुईं। अंतरिक्ष मलबे की चिंताओं के कारण उनमें से दो दर्जन से अधिक विमानों को डायवर्ट करना पड़ा। एफएए ने फ्लोरिडा के चार हवाई अड्डों-मियामी, फोर्ट लॉडरडेल, ऑरलैंडो और पाम बीच को उड़ान भरने वाले विमानों के लिए एक घंटे से अधिक समय तक ग्राउंड स्टॉप जारी किया।

एफएए ने बताया कि इन कारणों से 171 विमानों के प्रस्थान में देरी हुई, 28 उड़ानों को डायवर्ट किया गया, और 40 हवाई उड़ानों को औसतन 22 मिनट तक रोका गया, जबकि एजेंसी का मलबा प्रतिक्रिया क्षेत्र सक्रिय था। 171 विमानों में औसतन 28 मिनट की देरी हुई। मिशन के स्पेसएक्स लाइव स्ट्रीम में दिखाया गया कि स्टारशिप अंतरिक्ष में कुछ ही समय बाद अपने इंजन बंद होने के साथ अनियंत्रित रूप से घूमने लगी और टूट गई। पाकिस्तान के दो अलग-अलग शहरों में मस्जिद में नमाज अदा करने पर अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 45 से अधिक सदस्यों पर मामला दर्ज किया गया है। कराची पुलिस ने बताया कि उन्होंने 25 अहमदियों को सुरक्षित हिरासत में लिया है, क्योंकि बड़ी संख्या में इस्लामी कट्टरपंथियों ने सुरजानी टाउन इलाके में अहमदिया समुदाय के पूजा स्थल को घेर लिया था और शुक्रवार की नमाज अदा करने पर उनके खिलाफ नारे लगाए थे। पुलिस अधिकारी इरफान अली बलूच के अनुसार, तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के कई कार्यकर्ता अहमदी पूजा स्थल के बाहर एकत्र हुए और उन्हें धमकी दी कि वे शुक्रवार की नमाज अदा करना बंद कर दें, क्योंकि यह केवल मुसलमानों के लिए है।

दूसरी घटना में लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में 20 से अधिक अहमदियों पर उनके पूजा स्थल पर नमाज पढ़ने के लिए मामला दर्ज किया गया।

## हॉन्गकॉन्ग पहुंचे फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति, गिरफ्तारी वारंट पर बोले- जेल जाने में दिक्कत



**फिलीपींस।** देश के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने रविवार को अचानक हॉन्गकॉन्ग की यात्रा की। इसके साथ ही इस बात की अटकलें लगनी भी शुरू हो गई कि वह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की ओर से जारी गिरफ्तारी वारंट से बचने के लिए वहां गए हैं।

दुतेर्ते अपनी बेटी के साथ हॉन्गकॉन्ग के वान चाई इलाके में साउथर्न स्टेडियम में एक बड़ी रैली में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। यह रैली उनके राजनीतिक दल के सीनेट उम्मीदवारों के प्रचार के लिए आयोजित की गई थी और इसमें फिलीपींस के हजारों लोग मौजूद थे। दुतेर्ते की बेटी अभी फिलीपींस की उप राष्ट्रपति हैं। अपने संबोधन में दुतेर्ते ने आईसीसी के गिरफ्तारी वारंट की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है, तो वह इसे अपनी किस्मत मानेंगे और जेल जाने के लिए तैयार हैं।

वह फिलीपींस के लोगों के लिए शांति लाने के लिए था। दुतेर्ते ने जनता से मजाकिया अंदाज में कहा कि वे उनसे उनका स्मारक बनाने के लिए छोटी-छोटी मदद राशि देने का आग्रह करते हैं।

# कनाडाई गायिका ग्राइम्स का मस्क पर गंभीर आरोप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क की पूर्व प्रेमिका और कनाडाई सिंगर ग्राइम्स ने उनकी आलोचना की है। ग्राइम्स का आरोप है कि टेस्ला के सीईओ मस्क उनके बच्चे की स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने बच्चे की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर बार-बार मस्क से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अनदेखा कर दिया।

ग्राइम्स, जिनका असली नाम क्लेयर बाउचर है, ने एक्स पर एक पोस्ट में 53 वर्षीय मस्क से आग्रह किया कि उनको अपने बच्चे की चिकित्सा संबंधी समस्याओं को स्वीकार करना चाहिए। ग्राइम्स ने बताया कि उनके तीन बच्चे- दो बेटे और एक बेटी है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उनके किस बच्चे को चिकित्सा उपचार की जरूरत है। ग्राइम्स ने कहा, श्मुझे सार्वजनिक रूप से ऐसा करने का अफसोस है, लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज करना अब स्वीकार्य नहीं है। इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। अगर आप मुझसे बात नहीं करना चाहते हैं, तो कृपया किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करें, जो मुझसे बात कर सके। ताकि समस्या का हल हो सके। यह बहुत जरूरी है, एलन।

ग्राइम्स ने आरोप लगाया कि एलन मस्क उनके संदेशों, कॉल और ईमेल का जवाब नहीं दे रहे हैं और न ही किसी मीटिंग में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर वह जल्द जवाब नहीं देते, तो हमारा बच्चा जीवन भर के लिए कमजोर हो जाएगा। मुझे चाहिए कि वे जवाब दें। अगर मुझे इसके लिए सार्वजनिक दबाव डालना पड़ा तो मैं यही करूंगी। 36 वर्षीय ग्राइम्स ने बाद में अपना पोस्ट हटा लिया, और इसके हटाने के पीछे का कारण भी बताया। उन्होंने कहा, श्मैं इसे हटा रही हूं, क्योंकि अगर उन्हें छाया-प्रतिबंधित किया जा रहा है और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही, तो यह सब बच्चों के लिए मीडिया सर्कस बन रहा है। एनल मस्क और ग्राइम्स ने 2018 में डेटिंग शुरू की और 2022 में अलग हो गए। ग्राइम्स ने पहले भी मस्क की आलोचना की थी।

## इस्राइलियों को ट्रंप प्रशासन से समर्थन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वेस्ट बैंक में यहूदी जनसंख्या में पिछले साल इस्राइल की आम आबादी की तुलना में दोगुनी दर से वृद्धि हुई। एक हित समूह ने यह जानकारी दी। इस समूह को उम्मीद है कि ट्रंप प्रशासन उन नीतियों का समर्थन करेगा, जो कब्जे वाले क्षेत्र में बस्तियों के विस्तार को तेज करने में मदद करें। वेस्ट बैंक यहूदी जनसंख्या आंकड़े की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया कि वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की आबादी में पिछले वर्ष करीब 2.3 फीसदी की वृद्धि हुई और अब यह संख्या 5,29,450 तक पहुंच गई है। 2023 में यह 2.3 फीसदी की वृद्धि दर से थोड़ी सी कम थी, लेकिन यह इस्राइल के अंदर जनसंख्या वृद्धि दर से 1.1 फीसदी से करीब दोगुनी थी। आंकड़े प्रकाशित करने वाले समूह के निदेशक बारूक गॉर्डन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की संख्या बहुत अधिक बढ़ सकती है।

# पनामा ने अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को किया रिहा



**पनामा।** देश की सरकार ने शनिवार को उन प्रवासियों को रिहा कर दिया, जिन्हें अमेरिका से निर्वासित करने के बाद कुछ हफ्तों तक दूरदराज के शिविर में रखा गया था। उन्हें बताया गया कि उनके पास मध्य अमेरिकी देश को छोड़ने के लिए एक महीने का समय है। हफ्तों तक चले मुकदमों और मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर आलोचनाओं के बाद पनामा सरकार ने यह कदम उठाया है।

लेकिन इस कदम के बाद अब इन प्रवासियों की कानूनी समस्याएं बढ़ गई हैं। हयातुल्लाह ओमाघ 2022 में अफगानिस्तान के तालिबान के नियमंत्रण में आने के बाद भागकर पनामा पहुंचे थे। वह कहते हैं, श्हम शरणार्थी हैं। हमारे पास पैसे नहीं है। पनामा सिटी में होटल में रहने के लिए हमारे पास पैसा नहीं हैं औ न ही हमारे रिश्तेदार हैं। मैं किसी भी हालत में अफगानिस्तान नहीं लौट सकता, क्योंकि तालिबान मुझे मारना चाहता है। मैं कैसे लौट सकता हूं।

पनामा के अधिकारियों ने कहा कि निर्वासित लोग अपनी ठहरने की अवधि साठ दिन तक बढ़ा सकते हैं, लेकिन इसके बाद उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। ओमाघ जैसे कई प्रवासी यह नहीं जानते कि उन्हें आगे क्या करना है। कुछ महीने पहले पनामा और कोस्टा रिका ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत पनामा ने अमेरिका से निर्वासित किए गए प्रवासियों को अस्थायी शरण देने की बात की स्वीकार किया था। हालांकि, मानवाधिकार संगठनों ने इस समझौते की आलोचना की थी और कहा था कि अमेरिका अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है। रिहा किए गए प्रवासियों में पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान, रूस, नेपाल और अन्य देशों के लोग शामिल हैं, जो हिंसा और उत्पीड़न से बचने के लिए भागकर आए। इनमें से कई ने फिर से अमेरिका जाने की योजना बनाई है, क्योंकि उनके पास कोई और विकल्प नहीं है।

ओमाघ ने कहा, मुझे पनामा में शरण लेने का मौका नहीं मिला, क्योंकि पनामा में शरण स्वीकार नहीं की जाती। इस मुद्दे पर मानवाधिकार संगठनों और वकीलों ने पनामा और कोस्टा रिका की आलोचना करते हुए कहा था कि ये देश प्रवासियों के काले धब्बे बन गए हैं, जहां उनके पास कोई सहायता या संसाधन नहीं हैं।

# सीरिया में फिर भड़की हिंसा, हजार से ज्यादा लोगों की मौत



**सीरिया।** देश में बशर अल असद सरकार के सत्ता से जाने के बाद कई वर्षों से चली आ रही हिंसा थमी थी, लेकिन कुछ दिन की शांति के बाद अब एक बार फिर से यह देश हिंसा की चपेट में है। दरअसल बीते दो दिनों से सीरिया के सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थकों के बीच जारी संघर्ष में एक हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

सीरिया के हालात पर नजर रखने वाले एक संगठन ने कहा है कि मारे गए लोगों में 745 आम नागरिक हैं, जिन्हें नजदीक से गोली मारी गई। संगठन का कहना है कि इस संघर्ष में सुरक्षा बल के 125 और असद समर्थक उग्रवादी संगठनों के 148 लोग मारे गए हैं। सीरिया की सरकार ने हिंसा प्रभावित लटकिया शहर में पीने के पानी और बिजली की सप्लाई काट दी है। सीरिया में हिंसा की शुरुआत गुरुवार को हुई, जो जल्द ही देश के कई हिस्सों में फैल गई। शुक्रवार को सुन्नी मुस्लिम संगठन से जुड़े लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थक अलावी समुदाय के लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद भी इसी समुदाय से ताल्लुक रखते थे। आरोप हैं कि बशर अल असद सरकार में अलावी समुदाय को काफी प्राथमिकता दी गई और सरकार में अहम पदों पर इनकी नियुक्ति हुई। यही वजह है कि सीरिया के सुन्नी समुदाय में इसे लेकर नाराजगी है और बीते दिनों जब सीरिया के विद्रोही गुट तहरीर अल शाम ने अपने नेता अबु मोहम्मद अल जुलानी के नेतृत्व में सीरिया की सत्ता पर कब्जा किया तो उसके बाद से ही सीरिया के अलावी समुदाय में एक डर का माहौल था। अलावी लोगों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनके समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और लोगों की सड़क किनारे और घरों के बाहर गोली मारकर हत्या की जी रही है।

अलावी समुदाय के लोगों के घरों में लूटपाट और आगजनी की भी खबर है। जान को खतरा देख अलावी समुदाय के हजारों लोग सुरक्षा के लिए पास के पहाड़ों में शरण लिए हुए हैं। हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में बनियास कस्बा है।

## आतंकी हमले में कई छात्रों की हुई मौत

**स्वीडन।** देश के ओरेब्रो शहर में एक स्कूल पर हुई गोलीबारी की वारदात में 11 लोगों की मौत हो गई है। स्वीडिश पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि पुलिस को अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलीबारी में कितने लोग घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रॉबर्टो एड फोरेस्ट ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जांचकर्ता गोलीबारी के बारे में और जानकारियां जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी स्कूल के अंदर हुई या क्या और भी हमलावर इसमें शामिल थे। घटनास्थल से सामने आए वीडियो में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और अन्य आपात कालीन वाहन देख जा सकते हैं। इसके अलावा छात्रों को पास की इमारतों में शरण लेते हुए भी देखा गया। गोलीबारी के बाद स्कूल के अन्य हिस्सों को खाली करा दिया गया।

# पाइपलाइन का इस्तेमाल कर सैनिकों पर किया हमला



**मास्को।** रूसी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र में एक गैस पाइपलाइन के अंदर कई किलोमीटर तक घुसकर यूक्रेनी सैनिकों पर पीछे से हमला किया। रूस के सैनिक अपनी सीमा के अंदर उन हिस्सों पर फिर से नियंत्रण हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, जिनको यूक्रेन ने एक चौंकाने वाले हमले के बाद अपने कब्जे में ले लिया था।

यूक्रेनी सैनिकों ने पिछले साल अगस्त में कुर्स्क पर हमला किया था, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस पर सबसे बड़ा हमला था। कुछ ही महीनों में यूक्रेनी सैनिकों ने एक हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा हासिल कर लिया था, जिसमें रणनीतिक सीमा शहर सुडजा भी शामिल था और सैकड़ों रूसी सैनिकों को बंदी बना लिया था। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, इस अभियान का मकसद भविष्य में शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत बनाना था और रूस को पूर्वी यूक्रेनी से अपने सैनिकों को हटाकर वापस उनकी सीमा में भेजने के लिए मजबूर करना था। लेकिन अब यूक्रेनी सैनिक कुर्स्क में रूस के 50 हजार से अधिक सैनिकों के हमलों का लगातार सामना कर रहे हैं। इनमें उत्तर कोरिया के सैनिक भी शामिल हैं। कीव के जनरल स्टाफने शनिवार को पुष्टि की कि रूस के विशेष बलों ने गैस पाइपलाइन का इस्तेमाल किया और सुडजा के पास अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पाइपलाइन का रास्ता अपनाया। यूक्रेनी सेना ने कहा कि इन सैनिकों का समय रहते पता लगा लिया गया था और यूक्रेनी सेना ने रॉकेट और तोपों से जवाब दिया।

जनरल स्टाफ ने आगे कहा, अब रूसी विशेष बलों का पता लगा लिया गया है, उन्हें रोका जा रहा है। सुडजा में दुश्मन को बहुत नुकसान होगा। सुडजा करीब पांच हजार निवासियों वाला एक छोटा सा शहर है। सुडजा करीब पांच हजार निवासियों वाला एक छोटा सा शहर है। यूक्रेन पर आक्रमण से पहले यह शह गैस को भेजने और मापने का एक अहम केंद्र था। वहीं यूक्रेनी क्षेत्र से होकर गुजरता था।

# संबंधों को मजबूत करने पर जोर: विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आधिकारिक दौरे पर आयरलैंड का दौरा किया, जहां उन्होंने आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी. हिगिंस और विदेश मंत्री साइमन हैरिस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने और कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

विदेश मंत्री जयशंकर और आयरिश राष्ट्रपति हिगिंस ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति पर विचार-विमर्श किया और वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत की। वहीं, विदेश मंत्री साइमन हैरिस के साथ प्रतिनिधि-स्तरीय वार्ता में व्यापार, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और लोगों के आपसी आदान-प्रदान जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक और सेमीकंडक्टर जैसे नए क्षेत्रों में साझेदारी के अवसर तलाशने पर सहमति जताई। बढ़ते व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को देखते हुए दोनों देशों ने संयुक्त आर्थिक आयोग बनाने का फैसला किया, जिससे व्यावसायिक और पेशेवर अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। इस यात्रा के दौरान राजनयिक आदान-प्रदान पर एक समझौता भी हुआ, जिससे दोनों देशों के कूटनीतिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग बढ़ेगा। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने डबलिन के सेंट स्टीफंस ग्रीन पार्क में मौजूद रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने आयरलैंड में बसे भारतीय समुदाय से भी मुलाकात की और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। वहीं विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा आयरलैंड की नई सरकार के बनने के दो महीने के भीतर हुआ है।

## गाजा में शांति की कोई गारंटी नहीं

**यरुशलम।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर वॉशिंगटन पहुंचे हैं। मंगलवार को नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजरें हैं। वहीं नेतन्याहू से मुलाकात से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि गाजा में शांति कायम रहने की कोई गारंटी नहीं है। ट्रंप का बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब नेतन्याहू को भी अपने गठबंधन के दक्षिणपंथी गुटों का भारी दबाव झेलना पड़ रहा है, जो गाजा में युद्धविराम को खत्म करने की मांग कर रहे हैं।

# कर्मियों की कटौती पर भिड़े मस्क-रूबियो



**वाशिंगटन।** कर्मचारियों की कटौती के मुददे पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और सरकारी दक्षता मंत्रालय के प्रमुख एलन मस्क में शुक्रवार को तीखी नोकझोंक हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में कर्मचारियों की कटौती को लेकर मस्क व रूबियो में जोरदार बहस हुई। बात ज्यादा बढ़ने पर ट्रंप को हस्तक्षेप करना पड़ा।

उन्होंने अपने वरिष्ठ मंत्री रूबियो का बचाव किया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद स्पष्ट हो गया कि मस्क ने अपना नुकसान कर लिया है। ट्रंप ने एक बड़े प्रशासनिक बदलाव की घोषणा करते हुए कहा, अब से कैबिनेट मंत्री ही खर्च कटौती की प्रक्रिया का नेतृत्व करेंगे, जबकि मस्क और उनकी टीम केवल सलाहकार की भूमिका में रहेंगे। यह वाकया उस बैठक में हुआ, जिसमें ट्रंप ने अपने कैबिनेट प्रमुखों से कहा कि उनकी एजेंसियों में कर्मियों की नियुक्ति व नीति के बारे में अंतिम फैसला मस्क का नहीं, बल्कि उनका है। एलन मस्क और मार्को रूबियो में यह मतभेद कई हफ्तों से चल रहे थे। लेकिन इस बैठक में यह खुलकर सामने आए। बहस की शुरुआत तब हुई जब मस्क ने विदेश मंत्रालय के खर्चों में कटौती न करने को लेकर रूबियो की आलोचना की। मस्क ने विदेश मंत्रालय को जरूरत से ज्यादा बड़ा बताते हुए इसके बजट में कटौती की पैरवी की। रूबियो के पलटवार से बहस तीखी हो गई। बैठक में मस्क ने रूबियो पर किसी को भी नौकरी से न निकालने व कर्मचारियों की कटौती के प्रयास का विरोध करने का आरोप लगाया।

इस पर रूबियो ने पलटवार किया, 1,500 कर्मियों ने समय पूर्व सेवानिवृत्ति ले ली है। रूबियो ने तंज कर पूछा, क्या मस्क चाहते हैं कि वे उन सभी लोगों को फिर से नौकरी पर रखें, ताकि वह उन्हें फिर से नौकरी से निकालने का दिखावा कर सकें। हालांकि, ट्रंप ने टकराव की खबरों को खारिज किया। अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# विवेक हॉस्पिटल :मेगा कैंसर स्क्रीनिग कैम्प में उमड़ी लोगों की भीड़

▶▶विवेक हॉस्पिटल बिजनौर एवं बॉमर लॉरी एंड कम्पनी कोलकाता द्वारा जिला बिजनौर मे पहली बार मेगा कैंसर स्क्रीनिग कैम्प का आयोजन ▶▶कैम्प में 125 मरीजो की नि:शुल्क की गई जांच, शिविर में मरीजो की आंखो की भी हुई फ्री टैस्टिंग







अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** विवेक हॉस्पिटल बिजनौर एवं बॉमर लॉरी एंड कम्पनी कोलकाता द्वारा जिला बिजनौर मे पहली बार मेगा कैंसर स्क्रीनिग कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प मे नारायणा कैंसर हास्पिटल गुरुग्राम से कैंसरी सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ0 विदुर गर्ग, आर वी अस्पताल गुरुग्राम से कैंसर विशेषज्ञा डा. पूजा गुप्ता, वरिष्ठ सर्जन डा. नितिन चौहान, डॉ. विमल वशिष्ठ नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ. ऐ सिंह मुंह जबड़ा विशेषज्ञ डॉ0 चक्षु बजाज, की टीम ने कैंसर परामर्श दिया। शिविर मे मरीजो के लिये रक्तचाप, खून की जांच, पैपसीमर जांच, पैट सिटी, मैमोग्राफी, अल्ट्रासांउड, एक्स-रे की सुविधा रही। डॉ. विदुर गर्ग ने बताया कि ठोस कैंसर लीवर कैंसर और अन्य कैंसर मे शुरूआती लक्षण सामान्य होते है। जब कैंसर अंतिम स्टेज मे आता है। तब मरीज को पता चलता है इसीलिये मरीज को किसी भी सामान्य बिमारी को नजरअंदाज नही करना चाहिये और घबराना भी नही चाहिये। समय समय पर शारीरिक जांच कराते रहना चाहिये। वर्तमान मे प्रदूषण, खराब पोषण, अव्यवस्थित दिनचार्या के कारण ही बीमारिया बढ़ रही है। कैम्प में 125 मरीजो की नि:शुल्क जांच की गयी। शिविर मे मरीजो की आंखो की नि:शुल्क जांच भी की गयी। डॉ. पूजा गुप्ता ने महिलाओ मे होने वाली स्तन व स्वाईकल कैंसर के बारे मे जानकारी दी तथा बताया कि समय पर कैंसर के लक्षण पहचान कर कैंसर का सफल इलाज किया जा सकता है। डॉ. नितिन चौहान ने बताया कि कैंसर की जागरूकता ही कैंसर के बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। डॉ. सिंह ने बताया कि तम्बाकू के सेवन से जिला बिजनौर मे मुंह के कैंसर की संख्या बढ़ रही है, उन्होने कैम्प मे आये मरीजो तम्बाकू के सेवन के प्रति सचेत किया। विवेक ग्रुप के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि जिला बिजनौर मे पहली बार इतने बडे कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है, कैंसर की जागरूकता एवं रोकथाम के लिये विवेक अस्पताल द्वारा लगातार प्रयत्न किये जा रहे तथा भविष्य मे इस प्रकार के कैम्प जारी रहेगें। शिविर मे कैंसर रोगियो की पहचान करके संस्था द्वारा इलाज किया जायेगा। उन्होने बॉमर लारी एंड कम्पनी को सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भविष्य में भी निरन्तर होता रहेगा कैम्पों का आयोजनः चेयरमैन अमित गोयल



विवेक ग्रुप के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि जिला बिजनौर मे पहली बार इतने बडे कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है, कैंसर की जागरूकता एवं रोकथाम के लिये विवेक अस्पताल द्वारा लगातार प्रयत्न किये जा रहे तथा भविष्य मे इस प्रकार के कैम्प जारी रहेगें। शिविर मे कैंसर रोगियो की पहचान करके संस्था द्वारा इलाज किया जायेगा। उन्होने बॉमर लारी एंड क0 को सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समाज सेवी व अपना दल एस जिला अध्यक्ष एडवोकेट शैलेंद्र चौधरी ने सिद्धबली बालाजी धाम पहुंचकर किए दर्शन




अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** जनपद बिजनौर के प्रमुख समाजसेवी एवं अपना दल एस के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शैलेंद्र चौधरी ने उत्तराखंड स्थित कोटद्वार श्री सिद्धबली बालाजी धाम पहुंचकर आराध्य प्रभु श्री हनुमान जी के दर्शन किये। तथा कल्याण की कामना की। एडवोकेट शैलेंद्र चौधरी ने बताया कि श्री सिद्धबली बालाजी धाम पहुंचकर उन्हें मानसिक शांति मिलती है।

# सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में अवध शुगर मिल में हुआ सेफ्टी कंपटीशन का आयोजन




अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में अवध शुगर मिल कॉलोनी के बच्चों ने सेफ्टी कंपटीशन का आयोजन किया। 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में अवध शुगर मिल कॉलोनी के बच्चों ने कॉलोनी के बैडमिंटन हॉल प्रांगण में सेफ्टी कंपटीशन का आयोजन किया। यह सेफ्टी कंपटीशन का आयोजन 4 मार्च से चल रहा है जो की 10 मार्च तक चलेगा सेफ्टी कंपटीशन कार्यक्रम में अधिकांश बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से सुरक्षा का संदेश देते हुए अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष चौधरी सुखवीर सिंह, अधिशासी उपाध्यक्ष अशोक मित्तल, अरविंद मानिक, सुमित मिश्रा, विवेक कुमार शर्मा, एच.आर.विवेक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने छापामारी कर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



अमर भास्कर ब्यूरो

**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस ने शराब माफिया के खिलाफ अभियान चलाते हुए गांव मुरलीवाला रामगंगा नदी के किनारे जंगल में छापा मारा।

अफजलगढ़ से सम्वाददाता अगम जैन के अनुसार पुलिस ने कच्ची शराब बनाने की भट्ठी पकडी। साथ ही एक आरोपी को मौके से दबोच लिया, पुलिस ने मौके से 300 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की है। इसके अलावा 18 हजार लीटर लाहन पकड़कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। रविवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव मुरलीवाला रामगंगा नदी खादर के जंगल में छापा मारकर कच्ची शराब की भट्ठी पकड़ ली, जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया। मौके से 300 लीटर कच्ची शराब और 18 हजार लीटर लाहन बरामद किया था, जिसे नष्ट कर दिया। इसके अलावा छह कैन, दो ड्रम,दो पाइप रबड़,दो पतीले,एक फावड़ा,दो बोतल, पत्री सफेद रंग, लकड़ियां सहित शराब बनाने के उपकरण बरामद किए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, आरोपी ने पुलिस को अपना नाम बूटा सिंह पुत्र रेशम सिंह निवासी गांव भोगपुर थाना बढ़ापुर बताया। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि आरोपी बूटा सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्षेत्र में किसी भी कीमत पर कच्ची शराब नही बिकने दी जाएगी। उन्होंने कच्ची शराब बेचने व बनाने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाले टीम में थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, एसआई राजीव कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन मान, कांस्टेबल आकाश यादव, कांस्टेबल कृष्ण कुमार तथा कांस्टेबल राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सीतापुर पत्रकार हत्याः पत्रकारों ने शोक सभा कर आरोपियों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई की मांग





अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर/शेरकोट।** जनपद बिजनौर के पत्रकारों में सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या से कड़ा आक्रोश पर्याप्त है जिसको लेकर बैठकों का आयोजन कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ ही आरोपियों के विरुद्ध तुरंत कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इमलिया सुल्तानपुर हाइवे के हेमपुर ओवरब्रिज पर शनिवार को अज्ञात बदमाशों ने राघवेंद्र बाजपेयी को गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारे मौके से फरार हो गए। इस घटना के विरोध में बिजनौर जिले के शेरकोट में पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन किया। शेरकोट मोहल्ला वीरथला स्थित पत्रकार अमिष रस्तोगी के आवास पर आयोजित इस सभा में पत्रकारों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार धर्मवीर चौहान, डॉ. शाहनवाज, खालिद खान, शकाफत भारती, अभिष रस्तोगी, प्रदीप यादव, पंडित, गुफरान राजा, कृष्ण कुमार, नवनीत राजपूत, सोनू कुमार, शाहरुख मलिक, और सुहैल इदरीसी सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर न्याय की मांग की।

# प्रेस क्लब ने पत्रकार की हत्या के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** सीतापुर में दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता राघवेंद्र बाजपेई की गोली मार कर हत्या किये जाने के मामले में प्रेस क्लब स्योहारा अध्यक्ष के नेतृत्व में पत्रकारों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम थाना प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से आरोपियों को फांसी की सज़ा दिये जाने व परिजनों को मुआवजा व नौकरी दिये जाने की मांग की

रविवार को प्रेस क्लब स्योहारा की एक बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में किया। जिसमें सीतापुर जिले के दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता राघवेंद्र बाजपेई की शनिवार को गोली मार कर हत्या किये जाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाजुलहक़ के नेतृत्व मे मारे गये पत्रकार के समर्थन में नारेबाजी करते थाने पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा। प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाजुलहक़ प्रिंस ने बताया कि ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से हत्यारों को फांसी की सजा दिये जाने, परिजनों को दो करोड़ रुपयों का मुआवजा व परिवार में से किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की गई। खुलेआम बदमाशों ने एक सच्चे और ईमानदार पत्रकार की हत्या कर दी जो बहुत ही शर्मसार करने वाली घटना है। इस मौके पर सह संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार भुईयार, सह संरक्षक डा.सुआलेह अहमद शब्बू, इकबाल रुमानी, चमन भारद्वाज, अश्वनी विश्नोई, गय्यूर चौधरी, दैनिक अमर भास्कर के नगर प्रभारी नादिर त्यागी, इकबाल अंसारी, अरशद चौधरी, फ़ज़ल अंसारी, राशिद हुसैन, अंकुल प्रजापति, शोभित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा का देश व प्रदेश में नहीं कोई विकल्पः अनुभव त्यागी



अमर भास्कर ब्यूरो

**नगीना।** युवा भाजपा नेता अनुभव त्यागी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धीरे-धीरे एक तूफान बनती जा रही है जिसके सामने टिकना देश के किसी भी राजनीतिक दल के बस की बात नहीं है।

रविवार की सुबह अपने निवास स्थान पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए युवा भाजपा नेता अनुभव त्यागी ने कहा कि विश्व में एकमात्र हमारा देश एक ऐसा देश है जिसमें सभी धर्म तथा जातियों के लोगों के समान अधिकार है। लेकिन आज से पहले किसी भी दल ने इसका पालन नहीं किया था। लेकिन भाजपा के शासनकाल में इसका पालन पूरी ईमानदारी के साथ हो रहा है। आज देश के सभी जाति धर्म के लोगों को अगर वह सच्चाई पर है तो उन्हें न्याय मिल रहा है। भाजपा से पहले देश की बागडोर पूंजीपतियों के हाथों में थी। पूंजीपतियों ने हमेशा से गरीबों तथा कमजोर लोगों का शोषण किया है। लेकिन भाजपा के शासन में पूंजीपति हो गरीब हो या कमजोर हो किसी का उत्पीड़न नहीं हो रहा है। आज देश की जनता खुशहाल जीवन जी रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के शासन से पहले शासन करने वाली सपा बसपा के राज में सरकार माफिया चलाते थे। लेकिन आज सबको पता है कि भाजपा के शासन में माफियाओं का क्या हाल हो रहा है। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर सभी धर्म तथा जाति के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा के बढ़ते जनाधार से महसूस होने लगा है कि भाजपा को हराना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, सलीम सिद्दीकी, इमरान अहमद, शहीद दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शातिपूर्वक व मिलजुल कर मनायें होलीः प्रभारी तेजपाल सिंह

शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्यवाही



अमर भास्कर ब्यूरो

**नगीना।** थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने नगीना की जनता से आगामी होली तथा ईद उल फितर के त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की है। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने दैनिक अमर भास्कर नगीना तहसील प्रभारी फिरोज शेख से विशेष वार्ता करते हुए कहा कि त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाने से त्यौहार की खुशियां दुगनी हो जाती है तथा आपसी सौहार्द कायम रहता है। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों का कोई धर्म ईमान नहीं होता वह किसी धर्म तथा जाति के नहीं होते। उनका मकसद सिर्फ माहौल खराब करना होता है। इसलिए ऐसे अराजक तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह जब तक नगीना थाना प्रभारी है नगीना का माहौल खराब होने नहीं देंगे। तथा माहौल खराब करने वालो के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करेंगे। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि देश से अपराध जनता के सहयोग से जल्द समाप्त किया जा सकता है। इसलिए जनता को अपराध खत्म करने के लिए पुलिस को सहयोग करना चाहिए। नगीना के लोगों का कहना है कि जब से नगीना थाने का चार्ज थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने संभाला है तब से नगीना में अपराध का ग्राफ लगभग समाप्त हो गया है। उनके कुशल रणनीति की वजह से अपराधी या तो जेल में है या फिर शहर छोड़ कर चले गए हैं। उन्होंने नगीना की सुरक्षा के लिए एक ऐसा पुलिस का अभेद किला कायम कर रखा है जिसे भेद पाना अराजक तत्वों के बस की बात नहीं है। लोगों का कहना है कि अगर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह जैसे अधिकारी पुलिस विभाग में 50 प्रतिशत भी आ जाएं तो हमारे देश से अपराध अपने आप समाप्त हो जाएगा।

# परिवार व समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है महिलाः डॉक्टर शादाब

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाजसेवियों ने आयोजित विचार गोष्ठी





अमर भास्कर ब्यूरो

**नगीना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए युवा समाजसेवी डॉक्टर शादाब ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियां का सम्मान करता है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। क्योंकि महिलाएं परिवार और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है हमें हर दिन महिलाओं की इज्जत और सराहना करनी चाहिए क्योंकि महिलाओं का जीवन संघर्ष समर्पण तथा प्रेरणा से भरा होता है। इतिहास गवाह है कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सक्षम रही है। महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं को समान अधिकार अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। इस मौके पर एजाज सैफी, जाहिद हुसैन, नजमी राइन, सभासद मोहम्मद राशिद, बीजेपी मुस्लिम पसमांदा समाज के नगर अध्यक्ष बदर मुनीम, आदि उपस्थित थे। गोष्ठी की अध्यक्षता वसीम अंसारी तथा संचालन सभासद मोहम्मद राशिद ने किया।



# भूमि पेडनेकर ने सिनेमाई सफर में निभाए गए किरदार पर की बात

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, जिन्हें 'मेरे हसबैंड की बीवी' के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने हाल ही में एक अभिनेत्री के रूप में फिल्म उद्योग में 10 साल पूरे किए हैं। अपनी इस उपलब्धि के बाद, अभिनेत्री ने अपने सफर में विभिन्न किरदारों को निभाने के बारे में बात की और बताया कि इसने उनके करियर को कैसे आकार दिया है। 'दम लगा के हईशा' में अपने यादगार डेब्यू से लेकर अपनी हालिया भूमिकाओं तक भूमि अपनी पीढ़ी की सबसे बहुमुखी और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उभरी हैं।

अपनी यात्रा पर भूमि ने कहा, मेरी यात्रा दम लगा के हईशा से शुरू हुई और तब से हर दिन मुझे याद दिलाता है कि मैं कितनी दूर आ गई हूं। इन 10 वर्षों ने मुझे जुनून और खुद पर विश्वास करने की शक्ति सिखाई है। उन्होंने आगे बताया, मुझे कुछ वाकई विविध किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है, मेरी पहली फिल्म में एक अधिक वजन वाली दुल्हन, बधाई दो में एक विचित्र किरदार, भक्षक में न्याय के लिए लड़ने वाली एक पत्रकार, सांड की आंख में उम्र के मानदंडों को चुनौती देने वाली एक अस्सी वर्षीय महिला, बाला में रंग के आधार पर भेदभाव करने का सामना करने वाली एक महिला और थैंक यू फॉर कमिंग में अपनी स्वतंत्रता को अपनाने वाली एक महिला।

अभिनेत्री ने विभिन्न विधाओं में विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभाई हैं। उनके करियर को असाधारण प्रदर्शन को फैंस ने सराहा भी है। जिससे वह बॉलीवुड की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं। भूमि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाती हैं, साथ ही वह सीखे गए सबक और अपने करियर को आकार देने वाले अवसरों पर भी विचार करती हैं। कहा जाता है कि अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, क्योंकि वह ऐसी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यथास्थिति को चुनौती देती हैं और समकालीन मुद्दों पर नए दृष्टिकोण पेश करती हैं। हाल ही में भूमि ने अपने 10 साल पूरे होने पर मुंबई में एक खास केक-कटिंग सेरेमनी रखी। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया और उनके प्रशंसक शामिल हुए। अभिनेत्री ने ब्लैक पैंट और स्टाइलिश लॉन्ग स्लीव शर्ट पहनी हुई थी।



# तमन्ना ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में शामिल होने पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने उन रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिनमें कहा गया है कि उन्हें 2.4 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुडुचेरी पुलिस द्वारा तलब किया जा सकता है। दावों को फर्जी और भ्रामक बताते हुए अभिनेत्री ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी झूठी रिपोर्टों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

## क्या है पूरा मामला

28 फरवरी को कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि तमन्ना और अभिनेत्री काजल अग्रवाल से कथित क्रिप्टोकरेंसी स्कीम के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से उनकी संलिप्तता के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## आरोपों पर बोलीं तमन्ना

तमन्ना ने साक्षात्कार में इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह मेरे ध्यान में आया है कि मेरे क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े होने और उससे जुड़े होने का आरोप लगाते हुए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया में अपने दोस्तों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे ऐसी कोई भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहें न फैलाएं। उन्होंने कहा, इस बीच मेरी टीम उचित कार्रवाई शुरू करने के लिए इस पर विचार कर रही है।

## ऐसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, पुडुचेरी के मूलकुलम के पूर्व सैनिक अशोकन ने कोयंबटूर स्थित एक फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी स्थापना 2022 में हुई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में उनके साथ धोखाधड़ी की गई। अशोकन ने दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ रुपये का निवेश किया और अपने 10 दोस्तों को कुल 2.4 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया।

## काजल की प्रतिक्रिया का इंतजार

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वह कंपनी के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां तमन्ना मौजूद थीं और बाद में महाबलीपुरम में एक अन्य समारोह में शामिल हुए, जहां काजल मुख्य अतिथि थीं। कहा गया था कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक निवेशकों को 10 लाख से 1 करोड़ रुपये की लग्जरी कारें उपहार में दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर काजल और तमन्ना से स्पष्टीकरण मांगा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे केवल कंपनी के कार्यक्रमों का प्रचार कर रही थीं या उनकी कोई वित्तीय भागीदारी भी थी। काजल ने अभी तक इन खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



# सैफ मामले से आलिया ने लिया सबक!

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया से हटा ली हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से बेटी की सभी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। अब फैंस राहा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं देख पाएंगे, सिवाय उन तस्वीरों के जिनमें उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है। अभिनेत्री के इस फैसले पर उनके फैंस भी उनके साथ हैं। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को अब स्क्रॉल करने पर राहा की तस्वीरें नहीं दिख रही हैं। यहां तक कि जामनगर या परिवार की पेरिस टूर से पोस्ट की गई तस्वीरें भी हटा दी गई हैं। राहा-आलिया के नए साल के दिन के फोटो एलबम में दिखाई देती हैं, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिखाई देता। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री के इस फैसले का उनके फैंस समर्थन कर रहे हैं। रेडिट पर फैंस ने इसका समर्थन किया।

## सैफ पर हुए हमले से जोड़ रहे लोग

एक यूजर ने आश्चर्य जताया कि इसका क्या कारण हो सकता है? उसने लिखा, सैफ-जेह की घटना ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने पैपराजी को भी मना किया कि वह अब से राहा की तस्वीरें न लें। उनके लिए अच्छा है। हालांकि, यह सिर्फ अटकलें हैं, जो सोशल मीडिया यूजर्स लगा रहे हैं। इसकी असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है।



# 'डिप्लोमैट' की रिलीज से पहले जॉन ने मांगी माफी

फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम को अपनी फिल्मों के ट्रेलर रिलीज या दूसरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए भी वह पत्रकारों से अलग-अलग ही मिल रहे हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर के साथ इस फिल्म की खासियतों के बारे में भी बता रहे हैं। 'अमर उजाला' से बातचीत के दौरान उन्होंने इस फिल्म के अलावा बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में हुए हादसे के बारे में भी बात की और पहली बार कैमरे के सामने माना कि इसमें गलती उनकी ही थी।

## पहली बार शिवम नायर से मिले

पाकिस्तान में तैनात रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जे पी सिंह के जीवन पर बनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' की शूटिंग बीते साल ही खत्म हो गई थी। लेकिन, जॉन बताते हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर को हर सीन को करीने से एडिट करने और उसमें कहीं भी कोई खामी न रहने देने का जुनून सा रहता है। वह फिल्म को शूट करने के बाद एडिट टेबल पर भी काफी करीने से संवारते हैं और उनके इसी जुनून को देखकर मुझे उनके साथ काम करना बहुत अच्छा लगा। इस फिल्म के लिए ही मैं और शिवम पहली बार मिले।

## गलतियों से सीखना ही बड़े होने की निशानी

ये पूछे जाने पर कि पचास साल की उम्र पार होने के बाद अमूमन इंसान का गुस्सा कम होने लगता है, तो क्या जॉन भी अपने भीतर ये बदलाव महसूस करते हैं। जॉन कहते हैं, हां, मैं अब उतना गुस्सा नहीं करता। अपनी बात कहने में मैं अब भी पीछे नहीं रहता, लेकिन अब मैं अपने उत्तरों को डिप्लोमैटिक तरीके से पेश करना सीख गया हूं। पहले मैं जो कुछ भी मन में आता था, कह देता था, लेकिन मुझे लगता है गलतियों से सबक लेना ही किसी इंसान के प्रौढ़ होने की निशानी है।

## मैं अपनी गलती के लिए क्षमा मांगता हूं!

और, ऐसी ही गलती उनसे बीते साल फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर रिलीज कार्यक्रम में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में अपशब्द कहने की हुई? जॉन शायद इस सवाल के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन, बात की संजीदगी को समझते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि हां उनसे गलती हुई। जॉन कहते हैं, मुझे इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। वह 'बेचारा' तो अपना काम ही कर रहा था। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैं आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों में जाना टालता ही हूं। तब भी मैंने कहा था कि मुझे मत बुलाओ, अब देखिए ना, मैंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी। फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च को रिलीज हो रही है।

# मुनमुन दत्ता ने रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ, क्या रही वजह

इन दिनों एक कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में कई टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं। इस शो में वह अपनी कुकिंग स्किल्स को दिखा रहे हैं। इसी शो के लिए सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की पॉपुलर एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी अप्रोच किया गया था। लेकिन वह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का हिस्सा नहीं बन पाईं।

## रियालिटी शो का हिस्सा इसलिए नहीं बन पाई

शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा। इन दिनों सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं।

## कॉमेडी शो में कई सालों से एक्टिव

सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हिस्सा मुनमुन दत्ता काफी लंबे समय से हैं। वह इसमें बबीता जी नाम का किरदार निभाती हैं, जिसका पति एक साइंटिस्ट है। शो में कॉमेडी के साथ समय-समय पर सोशल मैसेज भी दिए जाते हैं। इस शो की वजह से मुनमुन को काफी पॉपुलैरिटी मिली है।

## फिल्मों का भी हिस्सा बनीं

मुनमुन ने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वह मुंबई एक्सप्रेस और हॉली डे जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही 'बिग बॉस 15' में बतौर प्रतियोगी भी शामिल हो चुकी हैं। इन दिनों भी वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ रही हैं।






# रिलीज से पहले कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर, थिएटर के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी धनुष की फिल्म

हाल ही में धनुष की फिल्म कुबेर की रिलीज डेट से पर्दा उठा था। 27 फरवरी को आधिकारिक तौर पर यह खुलासा किया गया कि शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर 20 जून 2025 को कई भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म के ओटीटी पार्टनर से पर्दा उठ गया है।

## कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज की तारीख की घोषणा करने के बाद कुबेर ने निर्माताओं ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ फिल्म की ओटीटी साझेदारी कर ली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने भारी कीमत पर सभी भाषाओं में कुबेर के डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं।

## फिल्म की स्टार कास्ट

फिल्म में धनुष और रश्मिका मंदाना के अलावा जिम सर्भ और अक्किनेनी नागार्जुन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कुबेर को श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित किया गया है। देवी श्री प्रसाद ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। कुबेर धारावी की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी तक के विकास की कहानी दर्शाती है। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले कुबेर को बनाया जा रहा है। वहीं देवी श्री प्रसाद फिल्म का संगीत दिया है।

## एक्स पर दी रिलीज डेट की जानकारी

फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने एक्स पर फिल्म के एक पोस्टर के साथ शेयर की रिलीज की तारीख। इस पोस्टर में धनुष और नागार्जुन नजर आ रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर के साथ लिखा, शक्ति की कहानी, धन के लिए लड़ाई, भाग्य का खेल। शेखर कम्मुला कुबेर 20 जून, 2025 से एक आकर्षक अनुभव देने के लिए तैयार है।

# आज टाइगर श्रॉफ बेंचमार्क हैं; आप कैसे सर्वाइव करेंगे बॉलीवुड में?

जॉनी गद्दार में अपने डेब्यू के अठारह साल बाद, नील नितिन मुकेश बॉलीवुड के विकास पर चर्चा करते हैं कि बॉलीवुड कैसे विकसित हुआ है, और इस बात पर जोर देते हैं कि इंडस्ट्री आज अपने अभिनेताओं से कहीं अधिक की उम्मीद करता है। बदलते परिदृश्य पर चर्चा करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे टाइगर श्रॉफ ने फिटनेस और एक्शन में एक नया मानक स्थापित किया है, उन्होंने कहा, बेंचमार्क टाइगर श्रॉफ हैं- तो आप कैसे सर्वाइव करेंगे? बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार के रूप में जाने जाने वाले टाइगर श्रॉफ ने अपने हाई-ऑक्टेन प्रदर्शन, बेजोड़ चुस्ती और हैरतअंगेज़ एक्शन सीक्वेंस के साथ स्टारडम को फिर से परिभाषित किया है। चुनौती देने वाले स्टंट से लेकर मार्शल आर्ट को डांस के साथ सहजता से मिश्रित करने तक, टाइगर ने सभी पीढ़ियों के अभिनेताओं के लिए मानक बढ़ा दिए हैं। नील ने आगे इस बात पर जोर दिया कि कैसे इंडस्ट्री अब अभिनेताओं से सिर्फ कलाकार ही नहीं, बल्कि एक्शन हीरो, डांसर और फिटनेस आइकन भी बनने की उम्मीद करता है - एक ऐसा डोमेन जहां टाइगर आसानी से छाए हुए है। वर्तमान में, टाइगर श्रॉफ अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फ्रेंचाइजी की अगले भाग बागी 4 की शूटिंग कर रहे हैं। 5 सितंबर 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म के साथ, उम्मीदें आसमान पर हैं क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से एक और एड्रेनालाईन-पैक ड्रामा का इंतजार कर रहे हैं।

